26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 5 सितम्बर, 2026

अंक- 312 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## शिक्षकों से बच्चों के व्यवहार, स्क्रीन टाइम और नशे की आदत पर ध्यान देने को कहा पीएम मोदी ने

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षकों से कहा है कि उन्हें केवल बच्चों के पढ़ाई में प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके व्यवहार और रोजमर्रा की जिंदगी पर भी ध्यान देना चाहिए। श्री मोदी ने शुक्रवार को लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के विजेताओं से बातचीत की। इस वर्ष तीन विभागों से कुल 82 शिक्षक और शिक्षाविद् चुने गए हैं। इनमें स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के 48 शिक्षक, उच्च शिक्षण संस्थानों और पॉलिटेक्निक के 21 शिक्षक/फैकल्टी सदस्य तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के 13 कौशल प्रशिक्षक शामिल हैं। पुरस्कार विजेताओं ने अपने शिक्षण अनुभवों और कक्षा में सीखने को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने के लिए अपनाए गए नये तरीकों को साझा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षकों को बच्चों के केवल पढ़ाई में प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके व्यवहार और रोजमर्रा की जिंदगी पर भी ध्यान देना चाहिए। पारंपरिक संयुक्त परिवार व्यवस्था कम होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन में शिक्षकों की भूमिका अब और महत्वपूर्ण हो गई है।

# सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में मस्जिद पर चला बुलडोजर

## इकरा हसन समेत कई नेता हाउस अरेस्ट

**सहारनपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** सहारनपुर में आज सुबह कलेक्ट्रेट में बनी मस्जिद को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। प्रशासन के अनुसार, सिटी मजिस्ट्रेट की अदालत ने मस्जिद निर्माण को सरकारी जमीन पर अवैध घोषित किया था। मस्जिद समिति की पहली अपील भी खारिज हो चुकी थी। इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस और आरआरएफ बल तैनात रहा। मस्जिद गिराने के बाद तनाव बढ़ गया है। कैराना सांसद इकरा हसन को भी हाउस अरेस्ट किया गया है।



सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित मस्जिद पर पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। आज सुबह प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर मस्जिद पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। पूरे इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट के न्यायालय में सुनवाई के दौरान मस्जिद का निर्माण अवैध पाया गया था। यह निर्माण सरकारी जमीन पर किया गया था। इस आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति ने अपील की थी। हालांकि, वह अपील भी खारिज हो गई और सिटी मजिस्ट्रेट का मूल आदेश बरकरार रखा गया। प्रशासन ने कार्रवाई से पहले सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने का दावा किया है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से पहले ही सहारनपुर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। त्यौहारों को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल के साथ पांच कंपनी पीएसी और आरआरएफ तैनात की गई। मिश्रित आबादी वाले इलाकों में लगातार फुट पेट्रोलिंग और फ्लैग मार्च किया गया।

सहारनपुर मंडल के डीआईजी अभिषेक सिंह ने बताया कि नोटिस और अपील सहित निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही ध्वस्तीकरण हुआ। उन्होंने सोशल मीडिया पर अफ़वाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी। कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए थे। इस कार्रवाई के बीच कैराना से सांसद इकरा हसन को उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर दिया गया। वह सहारनपुर जाने के लिए निकल रहीं थीं। इसी दौरान उनके आवास पर बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंचा और उन्हें बाहर जाने से रोक दिया गया। इकरा हसन ने कहा कि वह सहारनपुर कलेक्ट्रेट मस्जिद मामले पर अधिकारियों से मिलना चाहती थीं। वह इलाके की जनता की आवाज प्रशासन के सामने रखना चाहती थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें सहारनपुर जाने से रोकने के लिए घर पर ही नजरबंद किया गया है।

## स्वतंत्र भारद्वाज को हिरासत में लिए जाने का विरोध

### संसद मार्ग थाने के बाहर हिंदू संगठनों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रदर्शनकारी स्वतंत्र भारद्वाज को पुलिस हिरासत में लिए जाने का विरोध कर रहे हैं। यह प्रदर्शन दक्ष चौधरी ने बुलाया है। दक्ष हाई प्रोफाइल लोगों से मारपीट करने और थप्पड़ लगाने के लिए जाना जाता है। उसने कन्हैया कुमार को भी थप्पड़ मारा था। दक्ष ने बताया कि हमारी मांग यह है कि स्वतंत्र के ऊपर जो धाराएं लगी हैं। जैसे- एससी/एसटी एक्ट, 307 और पॉक्सो एक्ट। यह दबाव में किया गया है। हालांकि स्वतंत्र के वकील ने थाने के अंदर अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने लिखित शिकायत दी, पुलिस की तरफ से फिलहाल किसी तरह का आश्वासन नहीं मिला।



महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध

सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



बिना आप्रेशन/बिना चीड़-फाड़

बवासीर PILES

भगन्दर FISTULA

फिशर FISSURE



नोएडा-गुरुग्राम के प्रख्यात गुदा रोग विशेषज्ञ

डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

अब

सप्ताह में दो दिन बिजनौर में

बृहस्पतिवार - बिजनौर

शुक्रवार - बास्टा



न शर्मायें, न छिपायें न करें घरेलू उपचार न जायें नीम हकीमों के द्वार मात्र 10 दिनों में पायें स्थायी समाधान

बिना भर्ती, शीघ्र रिकवरी के साथ इस तकनीक द्वारा यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते।

किसी भी शंका के समाधान के लिये तुरन्त कॉल करें-

Mob. 7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# 12 पटाखा गोदाम की चैकिंग कर अग्नि सुरक्षा के निर्देश दिये

नजीबाबाद (चिंगारी)। डीएम व एसपी के आदेशानुसार जनपद बिजनौर क्षेत्र में आतिशबाजी चेकिंग अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव पांडेय बिजनौर के दिशा–निर्देशन में तहसील धामपुर में क्षेत्राधिकारी, उपजिलाधिकारी धामपुर, तहसीलदार धामपुर एवं प्रभारी अग्निशमन अधिकारी धामपुर द्वारा संयुक्त रूप से तहसील नजीबाबाद में क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद एवं प्रभारी अग्निशमन केंद्र नजीबाबाद केएस जादौन द्वारा संयुक्त रूप से तहसील चांदपुर में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी, चांदपुर द्वारा विभिन्न विस्फोटकों पटाखा को स्टोरेज करने वाले/बनाने वाले स्थानों का अग्नि सुरक्षा के सम्बन्ध में चेकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान के तहत 12 आतिशबाजी के स्थानों की चैकिंग की गई। जिसमें 57 व्यक्तियों को प्रशिक्षित जागरूक किया गया। उक्त अभियान के तहत जिन विस्फोटकों पटाखा को स्टोरेज करने वाले/बनाने वाले स्थानों को चेक किया गया। उनमें अम्बर अब्बास पुत्र अब्दुल नय्यर काजिम स्थल नूरपुर रोड नहटौर, मोहम्मद गयासुद्दीन एवं ताजुद्दीन पुत्रगण स्व. रियाजुद्दीन झारखंडी रोड नहटौर, शुऐब पुत्र शाहिद हुसैन व सुहैल पुत्र मुबारिक हुसैन नहटौर, आतिशबाजी निर्माण/विक्रय कर्ता इस्लामुद्दीन पुत्र स्व अल्लादिया भारत फायर वर्क्स भनेड़ा किरतपुर, आतिशबाजी निर्माण/विक्रय अनवर पुत्र मुनव्वर निवासी ग्राम हुसैनपुर, सदाबहार फायर वर्क्स साहपुर मीरा रोड ग्राम जीवन सराय, आतिशबाजी निर्माण/विक्रय विक्रेता शाहनवाज पुत्र करीमुद्दीन निवासी ग्राम हुसैनपुर, प्रिंस पायरोटेक मुबारकपुर कल्हेड़ी नजीबाबाद, आतिशबाजी विक्रेता नाज़ फायर वर्क्स हर्षवाड़ा रोड नजीबाबाद, मुस्कान फायर वर्क्स विक्रेता हर्षवाड़ा रोड नजीबाबाद, आतिशबाजी विक्रेता हरिओम पटाखा फायर वर्क्स हर्षवाड़ा रोड नजीबाबाद, नासिर पुत्र शाहबुद्दीन नूरपुर, मुकेश कुमार पुत्र फुरसे सिंह चांदपुर, अतीक अहमद पुत्र खालिक एवं अनीश अहमद पुत्र अतीक अहमद धामपुर रोड शामिल रहे।


अग्निशमन स्थल की जांच करते अग्निशमन अधिकारी।

आर.बी.डी. महिला महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

RANI BHAGYAWATI DEVI (R.B.D.) MAHILA MAHAVIDYALAYA, BIJNOR
NAAC Accredited 'B' Grade (2.76) & B.Ed. 'B' Grade (2.65)
Affiliated to Guru Jambheshwar University, Moradabad
Reg. Under 2(F) & 12(B) of U.G.C. Act 1956
''पश्चिमी उत्तर प्रदेश में महिलाओं की उच्च शिक्षा का एकमात्र श्रेष्ठ स्थान'' एवं बिजनौर का स्टडी सेंटर एकमात्र दूरस्थ शिक्षा केन्द्र 'इग्नू'-सम्बद्ध-इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, दिल्ली
Kunwarani Ruchi Vira, Secretary | Sh. Amitabh Vira, President | Prof. Parul Tyagi, Principal
Courses Offered in our college
B.A. Hindi, Sociology, English, Sanskrit, Urdu, Physical Education, Drawing & Painting, Home Science, Political Science, Music, History, Education, Geography, Economics
M.A. Hindi, Sociology, English, Urdu, Drawing & Painting, Home Science, Political Science
B.Sc. Home Science | M.Sc. Home Science | B.Com | B.El.Ed. | B.Ed. | M.Ed.
Research Centre Hindi, Sociology, English, Urdu, Drawing & Painting, Physical Education, Home Science, Political Science
IGNOU Courses & Study Centre
Co-curricular Activities, Add-on Course, Sports, Rovers & Rangers, NSS, Computer Lab, Enriched Library, Wi-Fi Campus
B.B.A. in Healthcare Management
A 3-Year Apprenticeship Embedded Degree Programme (AEDP) in Healthcare (An Industry Academic Collaboration with HSSC)
7017435641, 9897664803, 7017791180, 8006341532, 9690009082
Opp. BSNL Office, Bairaj Road, Bijnor-246701 (U.P.)
Website : www.rbdgirls.in | Email : rbdgirlspg@gmail.com | Facebook : /RBDCollege/

## सपा नेता फुरकान खान को देखकर अखिलेश ने रूकवाया काफिला

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के वरिष्ठ सपा नेता फुरकान खान कई दिन पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सहारनपुर प्रोग्राम में शामिल होने गये थे। फुरकान खान ने बताया कि सहारनपुर में कार द्वारा रोड से गुजरते हुए उन्हें देखकर अखिलेश यादव ने अपने काफिला रूकवाया तथा उनसे सड़क पर बात की। फुरकान खान ने कहा कि अखिलेश यादव कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान देते है। जिससे सभी कार्यकर्ता पार्टी संगठन से जी जान से जुटे हुए है।

## धामपुर में हलवाई की दुकान में आग लगी

धामपुर (चिंगारी)। शुगर मिल स्थित केमिकल कालोनी में हलवाई की दुकान में आज सुबह अचानक आग लग गई, जिससे दुकान में रखा फर्नीचर, डीप फ्रिजर आदि सामान जलकर राख हो गया। खारी कुआं निवासी सुभाष अग्रवाल की इस दुकान में लगी आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सुभाष अग्रवाल के अनुसार लगभग 2 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

ATHER
असली इलेक्ट्रिक एथर इलेक्ट्रिक/ अब बिजनौर में।
ADD. DHRUVIKA MOTORS LLP ANKUR HEIGHTS OPP. I.O.C. PETROL PUMP KIRATPUR ROAD (BIJNOR)


Mob. 9240083911
अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है
पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर 246761
मो. 8192801901
बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 819280190
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

स्कूलों में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को किया गया नमन ( पेज 11 )



# बढ़ापुर में 12 दिनों से नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन



**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** बढ़ापुर क्षेत्र में बीते 12 दिनों से प्रत्येक दिन आसमान से बरस रही बारिश के चलते क्षेत्रवासियों को सूरज के दर्शन नहीं हो पाए हैं। हर समय आकाश में छाए घने बादलों और बारिश के बीच मानों सूरज रूठ-सा गया है। सूर्य की इस नाराजगी का असर अब आम जनजीवन के अलावा कृषि, व्यापार,छात्र-छात्राओं और विशेष कर गृहणियों पर पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है।

गौरतलब है कि बढ़ापुर क्षेत्र में 24 अगस्त के बाद से यानि सावन के अंतिम सप्ताह से अब तक लोगों ने सूर्य के दर्शन नहीं किए हैं। सावन के अंतिम सप्ताह के बाद अब भादो के प्रथम सप्ताह में भी बादल खूब जमकर बरस रहे है। बीते 12 दिनों से यहां कभी दिन तो कभी रात में बारिश जरूर हो रही है। इस अवधि में शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरा हो, जिसमें बारिश नहीं हुई है। घने बादलों के चलते क्षेत्र में सुबह-शाम जैसी तो शाम, रात जैसी दिखाई पड़ रही है। क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते अब क्षेत्र वासियों का जीवन अस्त-व्यस्त होने लगा है और इसका असर आम जनजीवन के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी दिखाई दे रहा है।

## बर्बाद हो गई तिल की फसल

जनपद का बढ़ापुर क्षेत्र तिल उत्पादक क्षेत्र है।यहां के किसान बहुत समय पहले से तिल की खेती करते चले आ रहे हैं। बीते 12 दिनों से हो रही भारी बारिश के चलते क्षेत्र में खेत-खलिहान जलमग्न हो चुके हैं। बारिश और घने बादलों के चलते क्षेत्र में तिल की फसल लगभग बर्बाद हो चुकी है।बढ़ापुर निवासी किसान बसंत शुक्ला बताते हैं कि भारी बारिश ने तिल की फसल को तो बर्बाद कर ही दिया है इसके अलावा खेत जलमग्न होने से गन्ने की फसल पर भी बुरा असर पड़ने लगा है। मूंगफली की फसलों में भी निराई-गुड़ाई न होने से उत्पादन कम होने की उम्मीद है।

## मौसम के मिजाज से बाजार भी हुआ ठंडा

लगातार पड़ रही बारिश के चलते इसका असर अब बाजार पर भी दिखाई देने लगा है। किराना की दुकानों के अलावा अपनी दुकानों पर ग्राहक न होने से दुकानदार हाथ पर हाथ रखे बैठे हैं। गली मोहल्ले और गांव-गांव जाकर पिसा हुआ धनिया, मिर्च मसाले बेचने वाले प्रकाश प्रजापति बताते हैं कि लगातार बारिश के चलते सूरज न दिखने से धनिया और मिर्च की पिसाई नहीं पा रही है। सूरज निकलेगा तो तभी धनिया और मिर्च को धूप लगाकर पिसा जा सकता है।

## पढ़ाई हो रही बुरी तरह प्रभावित

गौरतलब है कि बढ़ापुर क्षेत्र आधा दर्जन से अधिक पहाड़ी नदियों का उद्गम स्थल है। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते नदियां उफान पर है। बढ़ापुर क्षेत्र के दर्जनों ऐसे गांव है जहां नदियों पर पुल नहीं है। इन गांवों के छात्र- छात्राएं बड़ी संख्या में पढ़ने के लिए बढ़ापुर आते है। नदियों में सैलाब के चलते ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पूरी तरह से ठप्प पड़ी हुई है। गांव सरदारपुर के ग्राम प्रधान नवनीत सैनी बताते हैं कि उनके तथा आसपास के कई गांवों के बच्चों की पढ़ाई स्कूल न पहुंच पाने के कारण ठप्प हो चुकी है।

## सूरज की नाराजगी से गृहिणियां भी टेंशन में

**आसमान में हर समय छाए घने बादलों व बारिश के चलते बीते 12 दिनों से क्षेत्र में सूरज न दिखाई देने से गृहिणी महिलाएं परेशानी में घिरी हुई है। महिलाओं की टेंशन है कि सूरज की नाराजगी से कपड़े नहीं सूख पा रहे हैं। ग्रहिणी प्रियंका शर्मा का कहना है कि घरों में कपड़े रोज ही धुल रहे हैं, मगर सूरज के दर्शन न होने से कपड़े सूख नहीं पा रहे हैं। बच्चों की स्कूल यूनिफॉर्म न सूखने से और ज्यादा टेंशन हो जाती है।**

## लड्डू गोपाल बनकर 'लड्डू' ने मोहा मन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर स्थानीय पंचमुखी हनुमान मंदिर में लडडू गोपाल (बाल कृष्ण) के रूप में 'लड्डू' ने सबका मन मोहा। उल्लेखनीय है कि कवि हुक्का बिजनौरी के पौत्र एवं दर्पण जैन व वैदिका जैन के डेढ़ वर्षीय पुत्र को परिवार में सब प्यार से 'लड्डू' ही कहते हैं।

## 86 किलो गांजा बरामद होने पर जमानत निरस्त

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नजीबाबाद थाने में तैनात उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने थाने में रिपोर्ट कराई कि 9 अगस्त 2026 को उन्हें सूचना मिली कि एक डस्टर कार आंध्र प्रदेश से गांजा लेकर नजीबाबाद में दिनेश यादव को सप्लाई करने के लिए आ रही है। पुलिस ने नजीबाबाद-जलालाबाद फ्लाईओवर के पास कार को घेर लिया और मौके से दो व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर कार से 86 किलो गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों दिनेश यादव निवासी ग्राम कनहर वाला थाना डोईवाला, देहरादून और जितेंद्र निवासी जिला मऊ का चालान कर दिया। उक्त मामले में न्यायाधीश प्रशांत मित्तल ने दिनेश यादव की जमानत याचिका निरस्त कर दी।

## रोटरी क्लब ने कार्यक्रम करके आयोजित, मंदिर के पदाधिकारियों को किया सम्मानित



**धामपुर ( चिंगारी )।** श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया द्वारा सेवा कार्य के अंतर्गत मोहल्ला लोहियान स्थित पावन सिद्ध पीठ मंदिर चामुंडा देवी की प्रबंध समिति के पदाधिकारीयों को सम्मानित किया गया। मंदिर पर क्लब की ओर से श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों को प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में सजाई गई झांकियों में से सबसे सुंदर झांकी को मोमेंटी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. एन.पी. सिंह, शिवेंद्र अग्रवाल ,अनुपम अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, डॉ. पुलकित माहेश्वरी, डॉ. राजमोहन, तरुण शर्मा, डॉ. विकास अग्रवाल, संजय वर्मा, मनीष गर्ग, सौरभ गुप्ता, सतपाल चावला आदि रोटेरियन उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष गगनदीप सिंह , सचिव गुरदीप सिंह कोषाध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी ने पदाधिकारी हरीश चंद्र सैनी,हरिश्चंद्र कारीगर, मूला सैनी को स्मृति चिन्ह प्रदान किये।

Hero
★हीरो मोटो कॉर्प के इलैक्ट्रिक स्कूटर VIDA की बुकिंग शुरू
Hero
पहले बुक करायें और पहले पायें अपना स्कूटर
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध



कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## 'हिंदुत्व' के विस्तार का प्रयास

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने हाल ही में न्यूयार्क के मेडिसन स्क्वायर गार्डन में उपस्थित लगभग 5000 लोगों को संबोधित किया। आरएसएस के शताब्दी वर्ष में यह दुनिया भर में 'हिंदुत्व' के विस्तार का प्रयास है जिसे न्यूयार्क के मेयर महमूद ममदानी द्वारा किए विरोध से और महत्व मिल गया। ममदानी ने संघ प्रमुख के कार्यक्रम का विरोध करते हुए यह भी कहा था कि वे इसे रोकने में अक्षम हैं। अमेरिका में दुनिया भर में अल्पसंख्यक अधिकारों तथा मानवाधिकारों की पैरवी करने वाले सांसदों के एक समूह ने तो मोहन भागवत का अमेरिका में वीसा तत्काल रद्द करने का सरकार से अनुरोध भी किया था। मोहन भागवत का यह संबोधन अमेरिका में ऐसे समय हुआ जब अमेरिकी संसद के दोनों सदनों में भारतवंशियों की संख्या कम हुई है, हालांकि इस समुदाय का अमेरिकी जनजीवन पर प्रभाव बना हुआ है। अमेरिकी जनसंख्या के लगभग 2 प्रतिशत भारतवंशी तथा भारतीय मूल के अमेरिकनों का अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्थान है और संसद में उनकी संख्या कम होने का ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में सत्ता में आने के बाद से पूरी दुनिया में प्रवासी भारतीयों को भारत के इतिहास, संस्कृति और कला से जोड़ने तथा उनमें भारत में चल रही राजनीति के बारे में सोच विकसित करने का महत्वपूर्ण काम किया है। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के अंत में आयोजित 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में उन्होंने भारतवंशियों और अनिवासी भारतीयों को संबोधित किया था। मोहन भागवत ने संघ के शताब्दी वर्ष में विदेशों में रहने वाले अनिवासी भारतीयों तथा भारतवंशियों के बीच संघ की विचारधारा 'हिंदुत्व' के प्रसार का प्रयास शुरू किया है।

## धामपुर में कल गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक

धामपुर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के सिख समाज को शिक्षा, सामाजिक विकास, संगठनात्मक मजबूती और आधुनिक तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक कल 6 सितंबर को स्वस्तिक गार्डन, काशीपुर-हरिद्वार हाईवे रोड, धामपुर में आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों, सिख धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं तथा समाज के प्रतिनिधियों के बड़ी संख्या में शामिल होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के उपाध्यक्ष सरदार निर्मल सिंह ने बताया कि बैठक का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश के सिख समाज के सर्वांगीण विकास के लिए एक सुदृढ़ और समन्वित कार्ययोजना तैयार करना है।

# शिक्षक दिवस

# गुरु के प्रति कृतज्ञता का राष्ट्रीय पर्व

**डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस मनाने का सबसे बड़ा संदेश यही है कि शिक्षक का सम्मान केवल एक दिन की रस्म न बने। शिक्षक को समाज में सम्मान, विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शिक्षा व्यवस्था को आवश्यक स्वतंत्रता एवं संसाधन मिलना भी शिक्षक दिवस की भावना का हिस्सा होना चाहिए। 5 सितंबर हमें केवल डॉ. राधाकृष्णन को याद करने का अवसर नहीं देता, बल्कि अपने जीवन में आए उन सभी शिक्षकों को स्मरण करने का दिन भी है, जिन्होंने हमें अक्षर ज्ञान से लेकर जीवन का ज्ञान दिया। गुरु वह दीपक है, जो स्वयं जलकर दूसरों के जीवन में प्रकाश भरता है। शिक्षक दिवस उसी प्रकाश के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। इसलिए शिक्षक दिवस का वास्तविक उत्सव तब होगा, जब शिक्षक का सम्मान केवल मंच पर नहीं, बल्कि समाज की सोच, शिक्षा की नीतियों और विद्यार्थी के व्यवहार में भी दिखाई दे।**

शिक्षक दिवस पर विशेष

**भारत में 5 सितंबर का दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि गुरु और शिष्य के उस पवित्र संबंध को स्मरण करने का अवसर है, जिसने सदियों से भारतीय समाज और संस्कृति को दिशा दी है। इस दिन देशभर में शिक्षक दिवस मनाकर शिक्षकों के योगदान, समर्पण और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती है।**

### क्यों मनाया जाता है शिक्षक दिवस?



भारत में शिक्षक दिवस भारत के दूसरे राष्ट्रपति, महान दार्शनिक, शिक्षाविद् और शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। उनका जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था। वे केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि मूल रूप से शिक्षक और दर्शनशास्त्र के विद्वान थे। उन्होंने देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में अध्यापन किया और शिक्षा तथा भारतीय दर्शन को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाई।

डॉ. राधाकृष्णन के राष्ट्रपति बनने के बाद उनके प्रशंसकों और विद्यार्थियों ने उनका जन्मदिन मनाने की इच्छा व्यक्त की। किंतु उन्होंने व्यक्तिगत जन्मदिन समारोह के बजाय इस दिन को देश के सभी शिक्षकों के सम्मान में 'शिक्षक दिवस' के रूप में मनाने की इच्छा व्यक्त की। यही विचार आगे चलकर राष्ट्रीय परंपरा बन गया।

### 1962 से शुरू हुई परंपरा

भारत में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की परंपरा 1962 में शुरू हुई। यही वह वर्ष था जब डॉ. राधाकृष्णन भारत के राष्ट्रपति बने और उनके जन्मदिन को शिक्षकों को समर्पित करने की परंपरा स्थापित हुई। इस प्रकार किसी एक व्यक्ति के जन्मदिन को मनाने के बजाय उन्होंने पूरे शिक्षक समुदाय को सम्मान देने का मार्ग चुना। यह तथ्य डॉ. राधाकृष्णन के व्यक्तित्व की उस विशेषता को सामने लाता है, जिसमें व्यक्तिगत सम्मान से अधिक महत्व शिक्षक और शिक्षा की गरिमा को दिया गया।

शिक्षक दिवस का एक महत्वपूर्ण पक्ष राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार भी है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाता है। हालांकि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार की परंपरा शिक्षक दिवस से पहले, 1959 से चली आ रही है। बाद में 5 सितंबर के अवसर से इसका विशेष संबंध स्थापित हुआ।

### शिक्षक केवल पाठ पढ़ाने वाला व्यक्ति नहीं

शिक्षक दिवस का वास्तविक अर्थ केवल शिक्षक को फूल देने, शुभकामना संदेश भेजने या एक दिन सम्मानित करने तक सीमित नहीं है। शिक्षक, विद्यार्थी के भीतर ज्ञान के साथ-साथ चरित्र, विवेक, अनुशासन, संवेदना और जिम्मेदारी का विकास करता है।

एक अच्छा शिक्षक, विद्यार्थी को केवल यह नहीं बताता कि परीक्षा में अच्छे अंक कैसे प्राप्त किए जाएं, बल्कि यह भी सिखाता है कि जीवन की परीक्षा में कैसे सफल होना है। वह विद्यार्थी को प्रश्न पूछना, तर्क करना, सही और गलत में अंतर करना तथा परिस्थितियों के सामने मजबूती से खड़ा होना सिखाता है।

इसीलिए शिक्षक को राष्ट्र निर्माता कहा जाता है। राष्ट्रपति भवन की ओर से भी शिक्षक दिवस के संदेशों में शिक्षकों को बच्चों के भविष्य को आकार देने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने वाला महत्वपूर्ण वर्ग बताया गया है।

### आज शिक्षक दिवस की प्रासंगिकता और भी बढ़ी

आज शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। डिजिटल तकनीक, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने ज्ञान तक पहुंच को पहले से कहीं अधिक आसान बना दिया है। विद्यार्थी एक क्लिक पर दुनिया भर की जानकारी प्राप्त कर सकता है। ऐसे समय में शिक्षक की भूमिका केवल जानकारी देने वाले व्यक्ति की नहीं रह गई है।

आज शिक्षक की सबसे बड़ी भूमिका है- सही जानकारी और गलत सूचना में अंतर करना सिखाना, सोचने की क्षमता विकसित करना और विद्यार्थी को संवेदनशील एवं जिम्मेदार इंसान बनाना।

शिक्षक दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि शिक्षा व्यवस्था की सफलता केवल पाठ्यक्रम, भवन और तकनीक से नहीं, बल्कि समर्पित और सम्मानित शिक्षक से सुनिश्चित होती है।



**डा. अतीक दानिश**
स्वतंत्र लेखक एवं साहित्यकार
सम्पर्क- 7906141418

## बयान से पलटने पर पति-पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के आदेश

### नामजद रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद गवाही में घटना से मुकर गए थे

बिजनौर (चिंगारी)। एससी एसटी एक्ट की विशेष अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अपर्णा पांडेय ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट करने के मामले में आरोपी आलम, फारूक, महबूब, अतीक अहमद, साजिद और फैजान को बरी कर दिया है। वहीं इस मामले में गवाही के दौरान झूठे बयान देने पर वादी टीकम और उसकी पत्नी दुलारी देवी के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

टीकम सिंह पुत्र चंदरु सिंह निवासी गांव सुभाष चंद्रपुर केशो उर्फ सिकंदरपुर थाना कोतवाली देहात ने आलम, फारूक, महबूब, अतीक अहमद, साजिद और फैजान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि आरोपी गांव अकबराबाद थाना कोतवाल देहात में स्थित उसकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। 13 मई 2023 को आरोपी एक राय होकर हथियारों से लैस उक्त जमीन पर कब्जा करने के लिए चिनाई कर रहे थे। वादी ने ऐसा करने से मना किया तो उक्त आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। उसकी पत्नी दुलारी देवी बचाने आई तो उसके साथ भी मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। उक्त मामले में वादी टीकम सिंह और उसकी पत्नी दुलारी देवी अभियुक्तों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद अपने पूर्व में दिए बयान से पलट गई और आरोपियों द्वारा उक्त घटना कारित करने से इन्कार किया। उक्त मामले में आलम, फारूक, महबूब, अतीक, साजिद और फैजान को न्यायाधीश अपर्णा पांडेय ने साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया। न्यायाधीश ने उक्त मामले में झूठे बयान देने पर वादी टीकम सिंह और उसकी पत्नी दुलारी देवी के खिलाफ प्रकीर्ण वाद दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

# एस. बी. कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर के प्राचार्य डा. एस.एम. हसन को मिला प्रतिष्ठित 'विकसित भारत अवार्ड-2026'



**बिजनौर ( चिंगारी )।** शिक्षक दिवस के अवसर पर एस.बी. कॉलेज आफ लॉ, बिजनौर के लिए अत्यन्त हर्ष एवं गौरव का विषय है कि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. एम. हसन को राष्ट्र निर्माण, शिक्षा एवं समाज के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'विकसित भारत अवार्ड–2026' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनके समर्पित शैक्षणिक नेतृत्व, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे निरंतर प्रयासों तथा विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में उनके योगदान को मान्यता प्रदान करता है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्रबंधन समिति ने डॉ. एस. एम. हसन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। प्रबंधन समिति के प्रबन्धक डा. अशरफ अली खान ने कहा कि उनके सम्मान से न केवल महाविद्यालय परिवार, बल्कि समस्त क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। उनका यह सम्मान महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के सचिव श्री हस्सान पठान ने आशा व्यक्त की कि डॉ. एस. एम. हसन भविष्य में भी शिक्षा एवं राष्ट्रहित के क्षेत्र में इसी प्रकार समर्पित भाव से कार्य करते हुए महाविद्यालय एवं समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

# नजीबाबाद ताइक्कांडो ट्रेनिंग अकेडमी के राघव वर्मा ने जीता रजत पदक

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद ताइक्कांडो ट्रेनिंग अकेडमी के प्रतिभावान खिलाड़ी राघव वर्मा ने सीबीएसई जोनल ताइक्कांडो चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर नजीबाबाद व अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय में उनका जोरदार स्वागत किया गया। 29 अगस्त से 2 सितंबर तक देवबंद स्थित सर्वज्ञ पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई जोनल



ताइक्कांडो चैम्पियनशिप में राघव वर्मा ने अंडर–17 वर्ग की 73 से 78 किलोग्राम भार वर्ग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने सीबीएसई नेशनल ताइक्कांडो चैम्पियनशिप के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया। पीएनएस अरिहंत पब्लिक एकेडमी नजीबाबाद पहुंचने पर राघव वर्मा का विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं स्टाफ द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक पारस नाथ जैन एवं प्रधानाचार्य ने राघव वर्मा को मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। कोच रिंकू वर्मा ने भी बधाई दी।


## मिर्गी दौरे

**(मिर्गी के लक्षण)**

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ–पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



**(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)**

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़–फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार–बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

**45 वर्ष से आपकी सेवा में**

**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


# स्टैब्स ग्राउंड में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद स्टैब्स ग्राउंड में समाजसेवी सनाउल्लाह मंसूरी के नेतृत्व में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईरा के जिलाध्यक्ष अफजाल अहमद अंसारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथि अफजाल अहमद अंसारी व अन्य गणमान्य अतिथियों ने स्टेडियम परिसर में पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने ग्लोबल वार्मिंग व जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पौधारोपण को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि अफजाल अहमद अंसारी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पेड़–पौधे हमारे जीवन का मुख्य आधार हैं। उन्होंने इस महत्वपूर्ण अभियान के आयोजन के लिए समाजसेवी सनाउल्लाह मंसूरी की सराहना की। आयोजक सनाउल्लाह मंसूरी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने सभी से अपने आसपास पौधे लगाकर उनकी हिफाजत का संकल्प लेने की अपील की। इस अवसर पर सनाउल्लाह मंसूरी, अमानुल्लाह मंसूरी, अहमद मंसूरी, डॉ. तल्हा, पत्रकार डॉ. आफताब नोमानी, खिजर अहमद, आकिफ हुसैन उर्फ अक्की, शहज़ाद नोमानी, अनुज शर्मा व जीशान नजीबाबादी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


## हार्दिक शुभकामनाएं



सभी देशवासियों, जनपदवासियों, अधिकारियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों व शुभचिंतकों को देश के पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस (शिक्षक दिवस) की

**हार्दिक शुभकामनाएं**



**सुरेन्द्र मलिक**
शिक्षक नेता
निवास-मुहल्ला साहुवान, चांदपुर, बिजनौर




एक्स-शोरूम (उत्तर प्रदेश) ₹70446*

ऑफर मूल्य (उत्तर प्रदेश) ₹62999*



**लिमिटेड पीरियड ऑफर**

| | |
|---|---|
| डाउन पेमेंट | ₹4999* |
| इंस्टेंट कैशबैक | ₹10000* |
| नकद छूट | ₹5100* |

**डिजिटल मीटर**

एवरेज माइलेज इंडिकेटर | लाइव माइलेज इंडिकेटर | रेंज इंडिकेटर

डिजिटल मीटर / 5-स्टेप एडजस्टेबल रियर सस्पेन्शन / ट्यूबलेस टायर्स / स्टाइलिश क्रोम प्लेटिंग / वाइड फ्यूल टैंक

**चौधरी होण्डा**

स्टेशन रोड, बिजनौर
मण्डावर ब्रांच- बिजनौर रोड निकट बिजली घर, मण्डावर, बिजनौर
M. 9927224422, 8958224422

# देहरादून पुलिस लाइन में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## मुख्यमंत्री व राज्यपाल ने किया प्रतिभाग



**देहरादून (चिंगारी)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पुलिस लाइन, देहरादून में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराएं और धार्मिक विरासत समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करती हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उपदेशों से परिचित होने का अवसर मिलता है।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने भी सभी प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में श्रीमती गीता धामी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल श्री भगत सिंह कोश्यारी, अन्य जनप्रतिनिधि, मुख्य सचिव सहित पुलिस महानिदेशक एवं शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा अन्य प्रशासनिक कार्मिक उपस्थित रहे।

## पिंजरे में फंसा गुलदार



**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम सदरुद्दीन नगर में वन विभाग के पिंजरे में गुलदार फंस गया। पिछले काफी समय से दहशत का पर्याय बने गुलदार के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। ग्राम सदरुद्दीन नगर में लगातार गुलदार देखा जा रहा था। जिससे ग्रामीणों और किसानों में भय व्याप्त था। भाकियू नेता सुजीव चौधरी व ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग की टीम ने लगभग पांच दिन पहले गांव के पूर्व दिशा में पिंजरा लगाया था। शुक्रवार/शनिवार की मध्य रात्रि में गुलदार पिंजरे में फंस गया। गुलदार के दहाड़ने की आवाज पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने देखा। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पिंजरे को सुरक्षित कब्जे में लिया। गुलदार का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के बाद उसे उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार सुरक्षित स्थान/संरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा।

## जैन मुनि का अवतरण दिवस मनाया श्रद्धापूर्वक



**नहटौर (चिंगारी)।** जैन मंदिर में पूज्य श्रमण मुनिश्री 108 विव्रत सागर जी महाराज का 34वां पावन अवतरण दिवस जैन समाज द्वारा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मांगलिक अवसर पर मंदिर प्रांगण में आचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी महाराज द्वारा रचित संगीतमय 'भक्ताम्बर महाविधान' का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर धर्म लाभ अर्जित किया। विधान के दौरान मंत्रोच्चार के बीच मांडने पर अर्घ्य समर्पित किए गए। इस धार्मिक अनुष्ठान में मुख्य पात्र सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य देहरादून निवासी आयुष जैन को प्राप्त हुआ। वहीं, मुनिश्री के पावन चरणों का प्रथम पाद प्रक्षालन करने तथा उन्हें शास्त्र भेंट करने का पुनीत सौभाग्य शुभम जैन एवं परिवार को मिला। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने मुनिश्री को श्रीफल अर्पित कर उनके दीर्घायु और संयमी जीवन की मंगल कामना की। अनुष्ठान के दौरान भक्ति गीतों और जयकारों से संपूर्ण मंदिर प्रांगण गूंज उठा। विधान के समापन पर उपस्थित जनसमूह में धर्म प्रभावना स्वरूप प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जैन समाज के गणमान्य नागरिकों सहित महिला मंडल और युवा मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य आयुष जैन देहरादून वालो को मिला महाराज जी को शास्त्र भेट एवं प्रथम पाद प्रक्षालन का सौभाग्य शुभम जैन एवं परिवार को मिला।

## मदरसे में सम्पन्न हुए छमाही इम्तेहान



**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** मानियावाला स्थित मदरसा इशाअतुल उलूम में चल रही छमाही परीक्षा का दूसरा चरण भी कामयाबी के साथ पूरा हो गया। दूसरे चरण में मुरादाबाद, संभल, अफजलगढ़ और आसपास के विभिन्न इलाकों से उलेमा-ए-कराम ने पहुंचकर छात्रों का तकरीरी इम्तिहान लिया और उनकी इल्मी व तकरीरी सलाहियतों का जायजा लिया। परीक्षा में छात्रों ने मेहनत और बेहतर तैयारी का मुजाहिरा करते हुए अच्छे और शानदार अंकों के साथ कामयाबी हासिल की। छात्रों के प्रदर्शन पर मदरसे के उस्तादों और जिम्मेदारों ने खुशी का इजहार करते हुए उनकी मेहनत की सराहना की। परीक्षा में मदरसा शाहजी से मुफ्ती मोहम्मद याह्या साहब, मुफ्ती उसामा साहब, जामिया अलहुदा से मौलाना नईम साहब, संभल से मुफ्ती अब्दुल गफूर साहब और कारी फरमान रसूल बतौर मुंतहिन शामिल रहे। छमाही परीक्षा की तकमील के बाद छात्रों को आठ दिन की छुट्टी दी गई है। छुट्टी के बाद निर्धारित तारीख को मदरसा दोबारा खुलेगा और तालीमी सिलसिला जारी रहेगा।

## दुर्गा पब्लिक स्कूल में बच्चों ने दीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**धामपुर (चिंगारी)।** दुर्गा पब्लिक स्कूल के किंडर गार्टन सेक्शन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा की मनमोहक वेशभूषा धारण कर कृष्ण की बाल लीलाओं, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकता अग्रवाल, शिवानी चौहान एवं समाना फातमा का विशेष योगदान रहा। प्रधानाचार्य राकेश चमोली ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों के प्रति रुचि विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बालाजी मंदिर में बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा

**धामपुर (चिंगारी)।** मुख्य बाजार में स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के स्वामित्व महंत डॉ. अमित गिरि महाराज ने लक्ष्मी नारायण अग्रवाल व पत्नी, अंकित अग्रवाल द्वारा राधा कृष्ण भगवान को पंचामृत से स्नान कराकर उन्हें सुन्दर वस्त्र धारण कराये।

इस दौरान मंदिर में रामडोल सजाया गया, जिसमें बैठे हुए लड्डू गोपाल को श्रद्धालुओं ने झुलाया। शाम को छोटे महंत आदित्य गिरि व मंदिर की पुजारिन पूनम गिरि एवं स्नेहा गिरि ने झांकियों का आयोजन किया, जिनमें बाल कलाकारों में अंजलि सैनी राधा के शताक्षी कृष्ण के कंचन पार्वती के नव्या शिव के, रूही काली के, वंश जोशी हनुमान के, विधि सैनी कृष्ण, धानी सुदामा, वैष्णवी ने राधा के रूप में नृत्य प्रस्तुत किया। सभी बाल कलाकारों को पुरस्कार दिये गये।



सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल कलाकारों को पुरस्कृत करते हुए डॉक्टर अमित गिरी।

इस अवसर पर मयंक शर्मा, शुभम जोशी, वैभव, भावना, अंशिका, मनोज गुप्ता, डॉक्टर अंकुर वर्मा, विनीत कौशिक, आकाश जोशी, लकी, बंटी मिश्रा, हनी, देव कात्यायन, चैतन्य कात्यायन तथा अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जन्माष्टमी पर विवेक हॉस्पिटल में गूंजी 4 नन्ही किलकारियां

## उचित खर्चे पर आधुनिक एवं गुणवत्ता चिकित्सा मिलने से लगातार बढ़ रहे मरीज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर विवेक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, बिजनौर में खुशियों की किलकारियां गूंज उठीं। इस शुभ दिन अस्पताल में 4 नवजात शिशुओं ने जन्म लिया, जिससे चार परिवारों के लिए जन्माष्टमी का पर्व जीवनभर याद रहने वाला विशेष अवसर बन गया।

परिजनों ने नन्हे मेहमानों के आगमन पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद बताया। किसी परिवार में बेटे तो किसी में बेटी के आगमन से जन्माष्टमी की खुशियां कई गुना बढ़ गई।

अस्पताल में प्रसव एवं गर्भवती महिलाओं की देखभाल स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. श्वेता सिंह के नेतृत्व में की गई। जन्म के तुरंत बाद नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य की जांच एवं आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सच्चिदानंद एवं उनकी टीम द्वारा की गई।

अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, बाल रोग विभाग, आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, डायग्नोस्टिक सुविधाएं, पैथोलॉजी तथा 24 घंटे इमरजेंसी सेवाओं की उपलब्धता से मरीजों को अलग-अलग स्थानों पर जाने की आवश्यकता कम होती है। चूंकि विवेक में चिकित्स्कों की




एक बड़ी टीम उपलब्ध है। अत: आपात स्थिति अथवा उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था में आवश्यकता पड़ने पर अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों का सहयोग भी उपलब्ध कराया जाता है। अस्पताल का प्रयास है कि बिजनौर एवं आसपास के परिवारों को गुणवत्तापूर्ण मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं अपने ही जिले में उचित खर्च पर उपलब्ध हो सकें। विवेक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से सभी चार नवजात शिशुओं एवं उनके माता-पिता को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

**विवेक ग्रुप के चेयरमैन अमित गोयल ने बताया कि गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान मां और शिशु दोनों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। प्रत्येक मरीज की स्थिति के अनुसार आवश्यक जांच, विशेषज्ञ परामर्श और मेडिकल मॉनिटरिंग की व्यवस्था एक ही छत के नीचे उपलब्ध होने से जरूरत पड़ने पर समय पर चिकित्सकीय सहायता दी जा सकती है।**

# कल होगा पुलिस पेंशनर कल्याण संस्थान का चुनाव

### 645 पेंशनर चुनेंगे पदाधिकारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर कल्याण संस्थान, जनपद बिजनौर के विभिन्न पदों के निर्वाचन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संस्थान के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए 6 सितंबर को मतदान कराया जाएगा। निर्वाचन के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान 6 सितंबर को प्रात: 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक डीटीयू कार्यालय, रिजर्व पुलिस लाइन बिजनौर में होगा। मतदान के बाद उसी दिन दोपहर 3 बजे से मतगणना शुरू की जाएगी। मतगणना पूरी होने के बाद देर शाम तक निर्वाचित प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की जाएगी। साथ ही निर्वाचित प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण-पत्र भी 6 सितंबर को ही जारी किए जाएंगे।

निर्वाचन के लिए प्रत्याशियों की अंतिम सूची सहायक निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी कर दी गई है। अध्यक्ष पद के लिए थाना कोतवाली शहर बिजनौर से संबंधित हरवीर सिंह और शोकेंद्रपाल सिंह के बीच मुकाबला होगा। उपाध्यक्ष पद के लिए दिग्विजय सिंह और यश कुमार सिंह मैदान में हैं। महासचिव पद पर अयूब अहमद और महेंद्र सिंह के बीच मुकाबला है। सचिव प्रथम पद के लिए बलजीत सिंह और वीरेंद्र सिंह तथा सचिव द्वितीय पद के लिए मुन्ना सिंह और ताहिर हुसैन प्रत्याशी हैं। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए अशोकपाल सिंह और विजयपाल सिंह चुनाव मैदान में हैं। कुल 645 पुलिस पेंशनर मतदाता अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करेंगे। निर्वाचन प्रक्रिया अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार के नोडल अधिकारी रहते गठित टीम की देखरेख में संपन्न होगी।






# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सीपी सिंह ने 100 महिलाओं को बांटी साड़ी

**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बाला जी धाम मंदिर पर भाजपा नेता सीपी सिंह ने एक सौ एक महिलाओं को साड़ियां वितरित कीं। अपने सम्बोधन में भाजपा नेता सीपी सिंह ने आजादी के 80 साल बाद भी ताजपुर गुलामी से मुक्त नहीं हो पाया। यहां की मेन गुरुद्वारा रोड टूटी हुई है। टेंडर होता है, लोग उसको रुकवा देते हैं। मुख्य मार्ग के इर्द-गिर्द कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। मंदिर के रास्ते बन्द कर दिये गये। यह सब कुछ इसलिए है कि डबल इंजन की सरकार में भी यहां सत्ता का विधायक नहीं है। अगर मैं विधायक बना तो ताजपुर को चमका दूंगा। ताजपुर अच्छी बस्ती है। गरीबों के लिये इस तरह के कार्यक्रम होते रहने चाहिये। उन्होंने कार्यक्रम आयोजक अर्जुन गिरि के सेवा कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में वीरेंद्र शर्मा, डॉ. अरुण अग्रवाल, कमलजीत सिंह, घनश्याम कश्यप, अरुण गिरि, राहुल चौहान आदि मौजूद रहे। संचालन शुभम वालिया ने किया।



# संस्कार भारती ने शाहपुर खेड़ी में मनाया श्रीकृष्ण जन्म उत्सव

### राधा-कृष्ण के मनोहारी स्वरूप में सजे नन्हे-मुन्नों ने मोहा मन

**शाहपुर खेड़ी ( चिंगारी )।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर श्री ओम शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज, शाहपुर खेड़ी में विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण के मनोहारी स्वरूप धारण कर भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की सुंदर झांकी प्रस्तुत की। रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजे छात्र-छात्राओं ने अपनी मनमोहक छवि से विद्यालय परिसर को कृष्णमय बना दिया।

कार्यक्रम विद्यालय की प्रबंधक एवं संस्कार भारती की साहित्य विधा संयोजिका रचना शास्त्री के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं संस्कार भारती बिजनौर के संरक्षक श्री लाल बहादुर शास्त्री ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों को अपनी गौरवशाली भारतीय परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ उनमें संस्कार एवं रचनात्मकता का विकास करते हैं।

राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजे छात्र-छात्राओं में आहिदा, नंदिता, धान्वी, सरस्वती, सृष्टि, नमस्या, विधि, सिद्धि, रिद्धि, अलशिफा एवं प्रीना शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी अध्यापकों काशिश राजपूत, सादिका मंसूरी, खुशबू चौधरी, अंशिका यादव एवं चारु त्यागी का विशेष योगदान रहा।



# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई, पूजा अर्चना की, झांकियां सजाई






**बिजनौर ( चिंगारी )।** जन्माष्टमी के अवसर पर नगर के सभी मंदिरों में भजन-कीर्तन, झांकियां, राधा-कृष्ण बने छोटे बच्चों द्वारा मनोहारी नृत्य आदि के साथ श्रीकृष्ण उत्सव की धूम रही। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में पहुंचकर बाल-गोपाल की पूजा अर्चना का क्रम शुरू हो गया था। बाल गोपाल को माखन, मिश्री, पंजीरी, चोलाई के लड्डू व फल आदि से भोग लगाकर झूला झुलाया। दिन भर मंदिरों से हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की। नंद के आनंद भयो के जयकारे गूंजते रहे। शाम होते ही मंदिर रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठे। इस अवसर पर मंदिरों में राधा-कृष्ण, शिव पार्वती आदि की आकर्षक झांकियां सजाई गईं, जिन्हें देखने के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।



दिन भर रूक-रूक के वर्षा होने से मानो प्रतीत हो रहा था कि भगवान इंद्र ने कृष्ण का स्वागत करने के लिये सड़कों पर छिड़काव किया हो। भक्तों को सुगमता से दर्शन कराने के लिये मंदिर समितियों ने व्यापक प्रबंध किये थे। मध्यरात्रि को कृष्ण जन्म के समय मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण को स्नान कराकर आरती उतारी गई तथा भोग लगाकर प्रसाद भक्तों में वितरित किया।

### चौरासी घंटा मंदिर में केक काटा गया

शुभूदयाल चौराहे के पास स्थित चौरासी घंटा मंदिर में गत वर्षों की भांति मावे का केक काटा गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी एवं प्रोफेसर डॉ. शशिप्रभा ने केक काटकर प्रसाद भक्तों में वितरित किया। इस अवसर पर अमर शिक्षा निकेतन स्कूल के बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण के रूप में अनेक मनोहारी प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें श्रद्धालुओं की खूब प्रशंसा मिली। प्रतिभागी सभी बच्चों को समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया। समिति द्वारा मंदिर में आने वाले सभी बच्चों को खिलौने वितरित किये गये। सर्वश्री दीपक अग्रवाल (बेसन वाले), अरविंद अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, मा. अनिल सिंह, कुलदीप, प्रभात अग्रवाल, ललित अग्रवाल, अमित सचदेवा, अनिल वर्मा, कमल, अजय अग्रवाल (कनिष्का) व पुरोहित सूरज आदि का पूर्ण श्रद्धा व मनोयोग से व्यवस्था बनाने में लगे हुए थे। गुब्बारों व बिजली की झालरों से सजा मंदिर परिसर व मार्ग सभी का ध्यान अपनी ओर आकृर्षित कर रहा था।

### हनुमान मंदिर में भारी भीड़ रही

सब्जी मण्डी के पास स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में राधा-कृष्ण, शिव पार्वती का नृत्य व बाबा अमरनाथ की झांकियां देखने के लिये भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

### बाबा हरिहर मंदिर

नगर का प्राचीन व सिद्धस्थल बाबा हरिहर के मंदिर में बच्चों द्वारा नृत्य को काफी सराहना मिली। सर्वश्री नीरज शर्मा, शेखर चौधरी, विनय राणा, अनूप खन्ना आदि व्यवस्थाओं में लगे हुए थे। समिति द्वारा बाहरी कलाकारों के बजाये स्थानीय बच्चों की झांकियां तैयार की गईं। अंत में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कारों के साथ सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### राम-कृष्ण मंदिर में 12 बजे केक काटा गया

सिविल लाइंस पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री सनातन धर्म राम-कृष्ण मंदिर में राधा-कृष्ण, सुदामा व शिव-पार्वती आदि देवी-देवताओं के रूप में सजे बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं की खूब प्रशंसा बटोरी। रात्रि 12 बजे केक काटकर जन्म उत्सव मनाया गया। तत्पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वश्री सदानंद खेड़ा अध्यक्ष, अर्पित अग्रवाल, वरूण खेड़ा, अंकुर सक्सेना, राकेश गुलाटी, राजू गांधी, पूजा खेड़ा, कमलेश रानी, ललिता व सुनील चावला आदि का सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त पालिका चौक स्थित हनुमान मंदिर, नई बस्ती स्थित शिव मंदिर, साहित्य विहार स्थित मां तारा देवी व श्री बालाजी मंदिर, शुगर मिल स्थित शिव मंदिर, गीता नगरी, विदुर कुटी रोड पर बिजली घर के पास स्थित मंदिर व आवास विकास कॉलेनी स्थित मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।

## जय कन्हैया लाल की..


दिव्यांशु पाल/कुलकन्या
मौ. जाटान, बिजनौर


कृष्ण-बलराम बने हनु व टोटो भारद्वाज


वर्णन भारद्वाज
(कनाडा)


गर्वित भाटिया/सुचिता
नई बस्ती, बिजनौर

## कैप्टन गहलौत स्कूल में हुआ भव्य आयोजन

**हल्दौर ( चिंगारी )।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कैप्टन ए.वी.एस.गहलौत पब्लिक स्कूल, हल्दौर में हर्षोल्लास, उमंग एवं भक्तिमय वातावरण के बीच भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर पूरी तरह कृष्णमय नजर आया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मैनेजर सर एडवोकेट नवीन कुमार द्वारा विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण की जन्मकथा सुनाकर किया गया। उन्होंने बच्चों को श्रीकृष्ण के जीवन, उनके संघर्षों तथा उनकी शिक्षाओं से परिचित कराया। इसके पश्चात प्रधानाचार्या श्रीमती शालिनी चौधरी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम, सत्य, कर्म, धर्म एवं कर्तव्य के संदेश को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण एवं राधा रानी की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। बच्चों द्वारा सुंदर रामडोल का निर्माण किया गया, जिसने कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी। विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण के रूप में सजकर मनमोहक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चों ने अपनी मासूमियत और शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मैनेजर सर एडवोकेट नवीन कुमार का विशेष योगदान रहा। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें श्रीकृष्ण के आदर्शों एवं शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया। प्रधानाचार्या श्रीमती शालिनी चौधरी ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को अपनी भारतीय संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों एवं उत्साह ने जन्माष्टमी समारोह को अविस्मरणीय एवं यादगार बना दिया।

## जी.एस.एन. एकेडमी में बिखरी उत्सव की छटा



**हल्दौर ( चिंगारी )।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जी.एस.एन. इंटरनेशनल एकेडमी, हल्दौर में राधा-कृष्ण उत्सव का भव्य एवं मनमोहक आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी के आकर्षक परिधानों में सजकर उत्सव की धार्मिक एवं सांस्कृतिक छटा को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए झूला मेकिंग एवं कान्हा जी की ड्रेस मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा, कला-कौशल एवं उत्साह का शानदार प्रदर्शन करते हुए सुंदर झूले तथा आकर्षक कान्हा परिधान तैयार किए। विद्यालय परिसर में कृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत वातावरण ने पूरे आयोजन को और भी विशेष बना दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों तथा प्रेम, करुणा, सद्भाव और धर्म के संदेश से परिचित कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वाति पाराशर, विकास पंकज, निशा राजपूत, स्वाति वर्मा, रंजना, नमिता अग्रवाल, अपूर्व चौहान, अरुण डबास सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नन्हे-मुन्ने कान्हाओं ने मनाया उत्सव

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर की शिक्षण संस्था एस.सी.एम. चिल्ड्रन एकेडमी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी एवं एलकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने श्रीकृष्ण एवं राधा की मनमोहक वेशभूषा में विद्यालय पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने कृष्ण जन्म, माखन चोरी, राधा-कृष्ण की लीलाओं एवं गोपियों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। नन्हे कान्हाओं की मनमोहक वेशभूषा, बांसुरी और राधा-कृष्ण के रूप ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने भजन, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। प्रधानाचार्या रुचि अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षिकाओं चारू, नंदिनी, कनिष्का एवं शिप्रा ने बच्चों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, प्रेम, करुणा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष रवि राजपूत, संजीव कुमार बैंस, अमित कुमार, प्रधानाचार्या रुचि अग्रवाल, उपप्रधानाचार्या तबस्सुम परवीन एवं समस्त शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को माखन, मिश्री एवं प्रसाद वितरित किया गया।

## हीमपुर दीपा में निकली भव्य शोभायात्रा



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व क्षेत्र में श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा व्रत उपवास रखकर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। हीमपुर दीपा बस स्टैंड के समीप स्थित शिव मंदिर पर पूरी साज सज्जा के साथ रामडोल सजाया गया।


राधा कृष्ण के परिधान में तपस्या वाणी
और शिव पौत्र पौत्री डा श्रवण कुमार गुप्ता

इससे पूर्व हीमपुर दीपा रतनपुर खुर्द गांव में विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान श्री कृष्ण के जीवन बाल लीला एवं देवी-देवताओं से संबंधित अनेक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। पं. अम्बरीश कुमार शर्मा, सौरभ शर्मा, पं. पवन शर्मा, मा. सोपाल सिंह, चेयरमैन राहुल सिंह आदि मौजूद रहे। झांकी यात्रा का जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान भक्ति भजनों की धुन पर युवा एवं श्रद्धालु झूमते रहे। सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल मौजूद रहा। शिव मंदिर परिसर पर पहुंचकर शोभायात्रा का समापन हुआ। इसके अलावा जन्माष्टमी के पावन अवसर पर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा। घर-घर नन्हे-मुन्ने बच्चों को भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप में सजाने की सुंदर और मनमोहक परंपरा देखने को मिली, जिसकी वीडियो और फोटो वायरल करने की होड़ लगी रही।

## भक्ति, आस्था और संस्कृति से सराबोर रही महादेव पुरम मंदिर की श्रीकृष्ण जन्माष्टमी संध्या

बिजनौर (चिंगारी)। मण्डावर रोड स्थित महादेव पुरम मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भजन संध्या एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह ने भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण के मनमोहक स्वरूप धारण कर सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं उनकी दिव्य छवि को मंच पर जीवंत कर दिया। उनकी मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और पूरा परिसर तालियों एवं जयकारों से गूंज उठा। मुख्य अतिथि श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि श्रद्धालुओं एवं आयोजन समिति के साथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वातावरण में समय बिताना अत्यंत आनंददायक एवं भावपूर्ण रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का सुंदर माध्यम हैं। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का बेहतरीन माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि नन्हे-मुन्ने बच्चों ने जिस उत्साह और श्रद्धा के साथ भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप एवं उनकी लीलाओं को मंच पर जीवंत किया, वह काबिले-तारीफ है। कार्यक्रम के दौरान मूर्खा मंडल के दीपक बिजनौरी के नेतृत्व में कृष्ण-राधा के भजनों ने उपस्थित कॉलोनीवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्तिमय गीतों और भजनों से पूरा मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सौरभ राठी, जैनेन्द्र सिंह, सुधीर चिकारा, विकास यादव, डिम्पल सिंह, मोनिका राठी, सौरभ देशवाल, ओमेंद्र त्यागी,जसवंत सिंह, वेदपाल सिंह, आशीष सिंह, योगेंद्र राजपूत सहित अनेक कॉलोनीवासियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन जैनेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में निर्णायक मंडल श्री अरुण कुमार, प्रीति सहरावत एवं मीनाक्षी त्यागी द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था।




## श्रीकृष्ण सज्जा प्रतियोगिता हुई



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल उलेढा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण रूप सज्जा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार चौहान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बहन कुमारी साक्षी मुख्य वक्ता रहीं। संयोजक कुमारी पारुल बनी। वीर सिंह और भैया बहनों ने भाषण आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्पार्चन करके किया गया।**

## मौसम चौधरी ने किया गुरु जम्भेश्वर स्मृति द्वार का उद्घाटन

# युवाओं को प्रेरणा मिलेगी- मौसम




**बिजनौर ( चिंगारी )।** पर्यावरण संरक्षण और जीवदया के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में मंडावर रोड पर गुरु जम्भेश्वर जी महाराज की स्मृति को समर्पित भव्य स्मृति द्वार का ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने मोहम्मदपुर देवमल में माता अमृता देवी बिश्नोई के नाम से आधुनिक खेल मैदान विकसित कराने तथा समाज के लिए लाइब्रेरी के निर्माण की घोषणा कर युवाओं और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई।

समारोह को संबोधित करते हुए ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने कहा कि गुरु जम्भेश्वर जी महाराज ने मानव सेवा, जीवदया और पर्यावरण संरक्षण को जीवन का आधार बनाया। उनके विचार आज भी समाज को प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि मंडावर रोड पर स्थापित यह स्मृति द्वार केवल एक निर्माण नहीं, बल्कि गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के विचारों और पर्यावरण संरक्षण की महान परंपरा का संदेशवाहक है।

उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा और युवा शक्ति को अवसर देना, दोनों समाज के उज्ज्वल भविष्य की बुनियाद हैं। इसी उद्देश्य से मोहम्मदपुर देवमल में ग्राम समाज की भूमि पर पर्यावरणविद् माता अमृता देवी बिश्नोई के नाम से आधुनिक खेल मैदान विकसित कराया जाएगा। मैदान में क्रिकेट, वॉलीबॉल और कबड्डी के लिए पिच, कोर्ट एवं नेट सहित आवश्यक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट पंकज बिश्नोई द्वारा किया गया। इस दौरान आचार्य श्री कृष्णानंद जी महाराज, श्री राजू जी महाराज, पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन बिजनौर श्री यशपाल सिंह, श्री राजवीर बिश्नोई, श्री संजय सिंह बिश्नोई सहित अनेक गणमान्यजन एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### लाइब्रेरी का भी निर्माण होगा

**कार्यक्रम में बिश्नोई समाज की ओर से लाइब्रेरी निर्माण की मांग भी रखी गई। इस पर ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने सहमति जताते हुए कहा कि समाज की ओर से उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराए जाने पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्मार्ट लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी विद्यार्थियों और युवाओं के लिए अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और ज्ञानवर्धन का उपयोगी केंद्र बनेगी।**

## ग्रेट इंडियन अकादमी में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी




**झालू ( चिंगारी )।** ग्रेट इंडियन अकादमी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनकी बाल लीलाओं को अत्यंत सुंदर और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना स्थल पर आयोजित विशेष जन्माष्टमी थीम आधारित प्रार्थना सभा से हुआ। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक गौरव डाबरा, प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा, उपप्रधानाचार्या दीक्षा डाबरा, एकेडमिक आयुष अग्रवाल ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। बच्चों की रंग-बिरंगी एवं आकर्षक पोशाकों ने सभी का मन मोह लिया। जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर विद्यालय के चारों समूहों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर उनकी विभिन्न लीलाओं तक को दर्शाती हुई मनमोहक झांकियां तैयार की गईं। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय, सज्जा एवं रचनात्मकता के माध्यम से श्रीकृष्ण के जीवन की विभिन्न घटनाओं को जीवंत रूप प्रदान किया।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बढ़ापुर में निकली भव्य शोभायात्रा



**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर में में ढोल-नगाड़ों एवं डीजे पर बज रहे धार्मिक भजनों की धुन के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियों व अखाड़े के खिलाड़ियों के करतबों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

श्री शिव मंदिर चुन्नीवाला कमेटी के तत्वावधान में नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ भाजपा नेता ठाकुर रामपाल सिंह ने शिव मंदिर से फीता काटकर किया। शोभायात्रा में शामिल राधा-कृष्ण, कृष्ण-सुदामा, कंस, श्रीराम बजरंग बली हनुमान, देवकी-वासुदेव कारागृह, माता यशोदा, भगवान शिव और अघोरी बाबा व डांडिया खेलते कलाकारों आदि झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा में शामिल झांकियों और अखाड़े के खिलाड़ियों ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। शोभायात्रा में अखाड़े के उस्ताद महिपाल सिंह, रोहिताश सिंह, प्रमोद कर्ण, सोनू उपाध्याय, चंद्रपाल सिंह, डॉ.राजपाल सैनी, लक्ष्मण सिंह एडवोकेट, शुभम पाल, संदीप गिल्होत्रा, सुभाष गोयल, सभासद राहुल कश्यप, नितिन प्रजापति आदि मौजूद रहे तथा सुरक्षा की दृष्टि से शोभायात्रा में पुलिस मुस्तैद रही।

# मेडिकल कॉलेज में स्वाइन फ्लू की रोकथाम के लिए की गई विशेष व्यवस्थाएं

**बिजनौर ( चिंगारी )। स्वाइन फ्लू के मामलों को दृष्टिगत रखते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय, सम्बद्ध महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बिजनौर में मरीजों की सुविधा एवं संक्रमण नियंत्रण के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।**

प्रधानाचार्या डॉ. चौधरी ललिता चौधरी ने बताया कि चिकित्सालय में स्वाइन फ्लू मरीजों के लिए पृथक पुरुष एवं महिला आइसोलेशन वार्ड, आवश्यक चिकित्सकीय उपकरण एवं पर्याप्त मात्रा में दवाओं की व्यवस्था की गई है। साथ ही पृथक पंजीकरण काउंटर एवं कमरा संख्या 113 में फ्लू ओपीडी संचालित की जा रही है, जहां फ्लू जैसे लक्षण वाले मरीज बिना अनावश्यक विलंब के पंजीकरण, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक जांच करा सकते हैं। इस पृथक व्यवस्था से सामान्य मरीजों के संपर्क में आने की संभावना कम होगी और संक्रमण के प्रसार को नियंत्रित करने में सहायता मिलेगी। उधर, मरीजों एवं आमजन को जागरूक करने के लिए



चिकित्सालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर स्वाइन फ्लू से संबंधित पोस्टर भी लगाए गए हैं।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनील मलिक एवं उपचिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश गोस्वामी ने निरीक्षण कर अस्पताल में सभी व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और सभी चिकित्सकों को कड़े दिशा निर्देश दिए और कहा मरीजों को बेहतर इलाज समय रहते उपलब्ध कराया जाये और सभी जूनियर एवं सीनियर रेजिडेंट डॉ. को मास्क पहनने की भी हिदायत दी।

### घबरायें नहीं, परामर्श लें

प्रधानाचार्या डॉ. ललिता ने मरीजों एवं आमजन से अपील की है कि फ्लू जैसे लक्षण होने पर मास्क का प्रयोग करें तथा खांसते या छींकते समय नाक एवं मुंह को मास्क अथवा साफ-कपड़े से ढकें। लक्षण होने पर घबराएं नहीं और समय पर चिकित्सकीय परामर्श लें। उन्होंने कहा कि ऐसे मरीज कमरा संख्या 113 स्थित फ्लू ओपीडी में चिकित्सक से परामर्श प्राप्त करें तथा चिकित्सकों के निर्देशों का पालन करें।

# स्कूलों में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को किया गया नमन



प्राथमिक विद्यालय तिमरपुर



प्राथमिक विद्यालय चांदपुर फेरु



प्राथमिक विद्यालय इटावा

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिले के स्कूलों में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूलों में डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। बच्चों को डॉ. राधाकृष्णन के जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्कूली विद्यार्थियों ने भी अपने गुरुजनों को शिक्षक दिवस की बधाई दी।

भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को पूरा देश शिक्षक दिवस के रूप में मनाता है। 5 सितंबर के दिन जहां शिक्षक स्कूलों में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हैं। प्राथमिक विद्यालय चांदपुर शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक राजेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है। शिक्षिका श्रीमती ममता जोशी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर श्रीमती मंजुला बनिक, डॉ. गीता, श्रीमती सुषमा रानी आदि ने विचार रखे। प्राथमिक विद्यालय इटावा में डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन किया गया। शिक्षिका श्रीमती तरनजीत कौर मलिक ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन से जुड़े कई प्रसंग बताए। श्रीमती नसीम, अलका यादव, तुषार चंद साना, रीना आदि ने बच्चों को डा. राधाकृष्णन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दूसरी ओर प्राथमिक विद्यालय तिमरपुर में आयोजित विचार गोष्ठी में शिक्षकों ने भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षिका श्रीमती अनीता रानी, श्रीमती मनोरमा, अंजू डी सिंह, श्रीमती रचना कश्यप, रूचिन चौधरी, रश्मि सिंह, धर्मावती आदि ने विचार रखे।

## किशोरी की बनाई अश्लील वीडियो तीन युवकों पर मुक़दमा दर्ज

**मंडावर (चिंगारी)।** मंडावर क्षेत्र के एक गांव में तीन युवकों द्वारा किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर तीन युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम बिचपड़ी निवासी शकिम पुत्र नसीम, भोला पुत्र महेंद्र और जतिन पुत्र सुशील पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने एक किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर एक-दूसरे के मोबाइल में शेयर किया। साथ ही पीड़िता के परिवार को जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद किशोरी के पिता ने सारा मामला थाने पहुंचकर थाना प्रभारी निरीक्षक विपिन कुमार को बताया और दोषी युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने पिता की तहरीर पर तीनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पीड़िता के परिजन की शिकायत पर तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## ज़हरीले जीव के काटने से भैंस की मौत

**शेरकोट (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम उमरपुर आसा निवासी कृषक चमन सिंह चौहान की दुधारू भैंस कल शाम उनकी पशुशाला में बंधी थी। बताया जाता है कि किसी जहरीले जीव ने भैंस को काट लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। भैंस स्वामी द्वारा उसका पशु चिकित्सक से उपचार कराया गया। परंतु देर रात भैंस ने दम तोड़ दिया। भैंस स्वामी ने आशंका जताई है कि उनकी भैंस को किसी जहरीले जीव ने काटा है या फिर चारे में उसने कोई विषेला पदार्थ खाया है। उनके मुताबिक भैंस की मौत से लगभग एक लाख का नुक़सान हुआ है।

## कॉलेज के कुछ छात्र क्लास बंक करके मटरगश्ती करते मिले

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा के प्रधानाचार्य योगेशपाल सिंह छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने और विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के लिए अब बेहद गंभीर हैं। इसी के मद्देनजर उन्होंने सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है। उन्हें जब यह खबर मिली कि कुछ छात्र अपनी क्लास छोड़कर मटरगश्ती करने निकल जाते हैं तो वह सक्रिय हो उठे। घरों पर भी संपर्क किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। विवश होकर शनिवार को उन्होंने अपना वाहन उठाया और पीटीआई शिक्षक विजेंद्र सिंह तथा कर्मचारी गौरव को साथ लेकर क्षेत्र भ्रमण पर निकल पड़े। जैसे ही वह रतनपुर खुर्द गांव स्थित मंडी स्थल पर पहुंचे तो वहां कुछ छात्र बतियाते मिले, जिन्हें वह फिर कॉलेज ले गए। छात्रों के परिजनों को वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए उन्हें शिक्षा की महत्ता बताई। प्रधानाचार्य श्री सिंह के अनुसार विद्यालय और छात्र-छात्राओं के हित में ऐसा अभियान निरंतर चलता रहेगा।

# महिला उद्यमिता की नई इबारत लिख रहा एनआरएलएम

## 24,299 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं 2.66 लाख से अधिक महिलाएं, 30 हजार बनीं 'लखपति दीदी'

**बिजनौर (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन शक्ति और स्वावलंबी नारी के संकल्प को साकार करने में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) जिले में अहम भूमिका निभा रहा है। ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की मुहिम अब ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही महिला उद्यमिता को भी नई दिशा दे रही है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर के अनुसार, जनपद के सभी 11 विकास खंडों और 44 क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) में संचालित 24,299 स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से 2,66,772 से अधिक ग्रामीण महिलाएं जुड़ चुकी हैं। दिसंबर 2025 तक जिले में 22,140 स्वयं सहायता समूह थे। इसके बाद 1 जनवरी से 4 सितंबर 2026 के बीच 2,159 नए समूहों का गठन कर महिलाओं को संगठित किया गया। मिशन की पहुंच जिले की सभी 1,123 ग्राम पंचायतों तक शत-प्रतिशत हो चुकी है।

### 30 हजार से अधिक महिलाएं बनीं 'लखपति दीदी'

महिला सशक्तिकरण की दिशा में जिले की सबसे बड़ी उपलब्धियों में 30 हजार से अधिक महिलाओं का 'लखपति दीदी' की श्रेणी में पहुंचना शामिल है। अब ये महिलाएं केवल आय बढ़ाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि 'लखपति से उद्यमी दीदी' बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं उत्पादन से लेकर गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, डिजिटल बिक्री और रिटेलिंग तक पूरी वैल्यू चेन संभाल रही हैं।

### सुईं से ई-स्कूटर तक...

ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक कृषि और घरेलू उत्पादों से आगे बढ़कर आधुनिक उद्यमिता में भी अपनी पहचान बनाई है। खाद्य प्रसंस्करण, हर्बल टी, शहद, आम की कैंडी, मल्टीग्रेन बिस्किट, टमाटर की चटनी, साबुन, सिलाई और मसालों जैसे उत्पाद तैयार करने के साथ ही महिलाएं अब ई-स्कूटर (ईवी) असेंबली जैसे आधुनिक एवं तकनीकी क्षेत्र में भी भागीदारी कर रही हैं।

### 'विदुर प्रेरणा' ब्रांड

**'वोकल फॉर लोकल' और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन की पहल पर स्थापित 'विदुर प्रेरणा स्वदेशी ब्रांड' ग्रामीण महिला उद्यमियों को बाजार उपलब्ध कराने का मजबूत माध्यम बन गया है। इसके तहत जिले में 160 से अधिक स्थानीय एवं स्वदेशी उत्पाद तैयार कर बेचे जा रहे हैं। महिलाओं के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए जिले में 100 से अधिक 'विदुर प्रेरणा' आउटलेट और 65 'विदुर प्रेरणा कैफे' संचालित किए जा रहे हैं। ब्रांड का कारोबार अब तक 12 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच चुका है।**

# गांव-गांव निकले जुलूस, मटकी फोड़ कार्यक्रम हुये


शेरपुर अभि में जुलूस का फीता काटकर शुभारंभ करते कामेन्द्र चौधरी।

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर क्षेत्र के कई गांवों में जुलूस निकाले गये, मटकी फोड़ी गईं तथा केक भी काटा गया। ग्राम शेरपुर अभि उर्फ अभिपुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के जुलूस का शुभारम्भ अपराहन 2 बजे ग्राम निवासी कृषक कामेन्द्र चौधरी ने फीता काटकर किया। देर शाम रामलीला मैदान में मड़की फोड़ने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष, पूर्व ग्राम प्रधान सुनील कुमार धीमान, संजीव चौधरी, पूर्व प्रधान सुरेन्द्र चौधरी, धर्मेन्द्र सिंह, पंकज कुमार, मोनू देशवाल, नीशू देशवाल, सुजीत देशवाल, अरुण कश्यप, बाबूराम सिंह, सचिन कुमार, रोहित कुमार, अमरजीत सिंह, मुकेश कुमार, अशोक कुमार प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

ग्राम चंदोक में डीजे और तीन झांकियों के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का जुलूस शिव मंदिर से शुरू हुआ तथा गांव के मुख्य मार्गों से निकलते हुए शिव मंदिर पर पहुंचकर ही सम्पन्न हुआ। रात्रि 8 बजे शिव मंदिर के प्रांगण में मटकी फोड़ने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। नरेन्द्र चौधरी, अजब चौधरी, सौरभ चौधरी, विपुल चौधरी, शुभम चौधरी, रोहित चौधरी, निशांत चौधरी, कुलवीर चौधरी मुख्य रूप से शामिल रहे। ग्राम हरचंदपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का जुलूस अन्नपूर्णा मंदिर से निकलना आरम्भ हुआ। डीजे और एक झांकी के साथ निकाले गये जुलूस में बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। शाम के समय मंदिर के सामने ही मटकी फोड़ी गई।


ग्राम हरचंदपुर में नृत्य करते कलाकार।


शेरपुर अभि में मटकी फोड़ती युवाओं की टीम।

आयोजन समिति के अध्यक्ष, ग्राम प्रधान नौबहार सिंह, करन सिंह, मदन सिंह, लोकेश कुमार, लखीराम सिंह, राजपाल सिंह, पवन कुमार, पं. आनंद कौशिक प्रमुख रूप से शामिल रहे। ग्राम सौफतपुर में गांव के मध्य स्थित प्राचीन शिव मंदिर के परिसर में राधा-कृष्ण के वेश में सज-धजकर आये बच्चों से विभिन्न एक्टिविटी करायी गयीं। देर शाम मंदिर परिसर में ही मटकी फोड़ने का कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा फिर राधा-कृष्ण की मूर्ति के सामने केक काटा गया। कपिल राणा, विजय राणा, वीरेन्द्र प्रजापति, प्रियांशु, लेखपाल, वंश, आशु, सचिन कश्यप सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे। इसके अलावा क्षेत्र के कई गांवों के मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनायी गयी।

## अर्द्धरात्रि तक गूंजे भजन



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** पंजाब नैशनल बैंक के समीप स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में बच्चों ने राधा-कृष्ण का वेश धरकर झांकियों का आयोजन किया। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पं. अरविन्द शुक्ला ने पूजन किया। अर्द्धरात्रि तक मंदिर में भजन-कीर्तन के स्वर गूंजते रहे। उसके उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। सुनील अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, जयप्रकाश तोमर, उमेश वर्मा, सुबोध वर्मा, पं. शिवम कौशिक, योगेन्द्र शर्मा, महेन्द्र शर्मा, शारदा देवी, उषा देवी सहित काफी व्यक्ति मौजूद रहे।

## 7 सितंबर तक हो सकेंगे आईटीआई में एडमिशन

**बिजनौर ( चिंगारी )। जनपद बिजनौर में संचालित समस्त राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रथम चरण में चयनित अभ्यर्थियों के एडमिशन की तिथि बढ़ा दी गई है। बढ़ी हुई तिथि के अनुसार अब प्रथम चरण के चयनित अभ्यर्थी 7 सितंबर 2026 तक एडमिशन ले सकेंगे। पहले यह तिथि 4 सितंबर 2026 निर्धारित थी। यह जानकारी राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक द्वारा दी गई।**

**एल.आर.एस. कॉलेज, नगीना (बिजनौर)**

**D.El.Ed. (B.T.C.) प्रशिक्षण-2026**

एल.आर.एस. कॉलेज,शरीफपुर खोराज, नगीना (कॉलेज कोड-150032) में डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में अल्पसंख्यक कोटे के अन्तर्गत इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 15.09.2026 तक कॉलेज कार्यालय या Email.Lrscollege2012@gmail.com पर आवेदन कर सकते हैं। सभी प्रवेश शासन द्वारा जारी आदेश सं.653/15-11-2015 दिनांक 10.06.2015 तथा संशोधित शासन आदेश सं.612/15-11-2017 दिनांक 25.05.2017 के निर्देशों के अनुरूप मेरिट पर किये जायेंगे।

**मेरिट सूचि प्रदर्शन 15.09.2026**
**प्रवेश की अन्तिम तिथि 24.09.2026**
**सम्पर्क मो. 9219608031, 9219608034**

## मिलेनियम स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोतवाली देहात में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार, उपप्रधानाचार्य शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व सतेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने छात्र एवं छात्राओं ने श्री कृष्ण व राधा के मनमोहक स्वरूप धारण किए। झांकियां, नृत्य और भजन प्रस्तुत किये। कक्षा 11 में 12 की छात्र एवं छात्राओं ने मटकी का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुजाता पवार,आयशा खातून,स्वाति कस्यप, अर्शी अबरार, बालेश कुमार का विशेष योगदान रहा। विद्यालय की अध्यक्ष श्रीमती मीना सिंह ने श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेम, सद्भाव, कर्म और धर्म का संदेश लेने को प्रेरित किया।

## शिक्षकों को सम्मानित किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब गंगा बिजनौर द्वारा शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर जैन धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष रो. रेखा अग्रवाल एवं संचालन क्लब सचिव रो. आदेश भटनागर एवं रो. हितेश शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। सरस्वती वंदना भवी शर्मा व वंदना शर्मा ने प्रस्तुत की। क्लब द्वारा 29 शिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ, जल सिंह, अभिषेक सिंह आदि शिक्षकों ने शिक्षक दिवस पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में खगेश कुमार शर्मा, गजे सिंह, हितेश कुमार शर्मा, अनिल शर्मा, संजीव शर्मा, देवेंद्र चौहान, विमल गुप्ता, दिनेश शर्मा, शालिनी अग्रवाल, तृप्ति शर्मा, प्रीति शर्मा, शिखा गुप्ता, मोनिका शर्मा द्वारा शिक्षक गय्यूर आसिफ, अर्चना शर्मा, मीनू रानी, चेतना भटनागर, रीता शर्मा, मोनिका बिश्नोई, रजनी चौधरी आदि शिक्षकों को सम्मानित किया गया।



# पुल पर बाइक रोकी, कुछ दूर पैदल चला.. फिर गंगा में छलांग लगा दी

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम मोहम्मद अलीपुर द्वारका उर्फ गढ़वाला का निवासी युवक वाशु शर्मा (23 वर्ष) पुत्र स्व. नरेन्द्र शर्मा रक्षाबंधन से अगले दिन अपनी विवाहित बहिन के साथ उसके घर उत्तराखंड के लक्सर क्षेत्र में स्थित ग्राम प्रहलादपुर गया था। कल वह बाइक से अपराहन लगभग ढाई बजे बालावाली के नये पुल पर पहुंचा। उसने पुल के बीच में बाइक रोकी, कुछ दूर पैदल चला और फिर गंगा में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने इसकी सूचना तुरंत मंडावर थाने की बालावाली पुलिस चौकी पर दी। बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर से युवक की पहचान कर पुलिस ने उसके परिजनों को सूचित किया। युवक ने गंगा में छलांग क्यों लगाई, इसके बारे में अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। लेकिन युवक ने गंगा में कूदने से पूर्व गांव के एक व्हाट्सएप ग्रुप पर कॉल की थी। वासु ने कहा था कि वह अपने जीवन से बहुत परेशान है, इसलिये अपनी जीवनलीला समाप्त कर रहा है। युवक दो विवाहित बहिनों का इकलौता भाई था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। बताया जाता है कि 10 दिन पूर्व भी उसने इसी पुल से कूदने की कोशिश की थी, मगर तब वह बच गया था। घटना के बाद कल स्थानीय गोताखोरों को बुलाया गया था, मगर गंगा का जलस्तर बहुत ज्यादा होने के कारण वे गंगा में घुसकर युवक को तलाशने की हिम्मत नहीं जुटा सके थे। परिजन गंगा के किनारे-किनारे युवक की तलाश में जुटे हुए हैं। उधर बालावाली पुलिस चौकी के प्रभारी एसआई आदेश चौधरी ने बताया कि पीएसी के गोताखोरों को सूचना दे दी गई है।


वासु का फाइल फोटो

## सुसाइड पॉइंट बनता जा रहा बालावाली पुल

**बालावाली का पुल सुसाइड पॉइंट बनता जा रहा है। आत्महत्या करने वाले यहां पहुंचते हैं और पुल से गंगा में कूदकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लेते हैं। जिस प्रकार कल वाशु शर्मा आत्महत्या करने के लिये गंगा में कूदा, ठीक उसी प्रकार 27 मार्च, 2026 को ग्राम तिसोतरा (नांगल) निवासी जतिन रूहेला (21 वर्ष) पुत्र अरुण रूहेला बाइक से पुल पर पहुंचा था और बाइक पुल के बीच में खड़ी कर गंगा में छलांग लगा दी थी। पीएसी के गोताखोरों और स्थानीय तैराकों के द्वारा काफी तलाश करने के बावजूद उसके शव का कहीं भी पता नहीं लग सका था। जबकि 19 अगस्त, 2026 को पति के साथ बाइक पर सवार होकर हरिद्वार जा रही मोटी पत्नी बॉबी निवासी ग्राम भोजपुर थाना मंडावर ने पति से अनबन होने पर चप्पल निकलने का बहाना बनाकर बाइक रुकवाई थी और पुल से नीचे गंगा में कूद गई थी। यहां और भी कई घटनायें हो चुकी हैं। क्षेत्रवासियों की मांग है कि पुल पर पुलिसकर्मियों को नियमित रूप से तैनात किया जाये।**

# वाहन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत, घर में शोक

**शेरकोट (चिंगारी)।** हाईवे पार करते हुए अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हुए वृद्ध की उपचार को ले जाते हुए रास्ते में मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने कोई कानूनी कार्रवाई किये बिना वृद्ध का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर निवासी 65 वर्षीय यादराम सिंह बृहस्पतिवार की रात हाइवे पार कर अपने घर में सोने जा रहे थे। जब वे कुंडा चौराहे के निकट सड़क पार कर रहे थे कि इस बीच धामपुर की ओर से आये अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे यादराम सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों द्वारा सूचना दिये जाने पर वृद्ध के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और उन्हें उपचार हेतु तत्काल धामपुर ले गए, जहां से डाक्टर ने हालत गम्भीर देखकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। मृतक के भतीजे सुभाष कुमार ने बताया कि यादराम सिंह को उपचार हेतु एम्स ऋषिकेश ले जाया जा रहा था, इस बीच रास्ते में हरिद्वार के पास पहुंचने पर उन्होंने दम तोड दिया।


फाइल फोटो

# बारिश के बीच गूंजा नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की..



**नगीना (चिंगारी)।** नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शुक्रवार को हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के प्रमुख मंदिरों को आकर्षक विद्युत झालरों और रंग-बिरंगी सजावट से दुल्हन की तरह सजाया गया। मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रही।

नगर के बड़ा मंदिर, श्री मुक्तेश्वर नाथ मंदिर समेत सभी प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। रात में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय मंदिरों में घंटा-घड़ियाल और शंखनाद से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पालकी को झुलाकर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था कम नहीं हुई। लोग परिवार सहित मंदिरों में पहुंचे और भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर धार्मिक आयोजनों में भाग लिया। श्री पंजाबी महावीर मंदिर और श्री पीपल महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ दिखाई दी। यहां देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों से पूरा नगर कृष्णमय नजर आया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए और प्रसाद वितरित किया। पर्व को लेकर मंदिरों और आसपास के क्षेत्रों में विशेष रोशनी और सजावट आकर्षण का केंद्र रही।

## होटल मालिक ने पीयूष वर्मा के पक्ष में शपथ पत्र दिया

**बिजनौर (चिंगारी)।** 31 अगस्त को मंडावर में एक होटल पर हुए विवाद में जीएसटी विभाग के सहायक संख्या अधिकारी पीयूष कुमार वर्मा को आरोपित किये जाने के मामले का होटल स्वामी द्वारा शपथ पत्र दिये जाने से पटाक्षेप हो गया है। होटल मालिक नासिर ने बताया कि उनका पीयूष कुमार वर्मा से कोई विवाद नहीं हुआ था। पीयूष कुमार वर्मा अपने साढ़ू भाई अनुज निर्वाल के बुलाने पर आये थे। पीयूष कुमार वर्मा व उनके साथी प्रवेश कुमार ने होटल पर खाना भी नहीं खाया था।

## न्याय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कल आयेंगे बिजनौर

**बिजनौर (चिंगारी)।** न्याय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसपी सिंह पांचाल के कल बिजनौर आने पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए पार्टी के मुरादाबाद मंडल के महासचिव राजिन्दर कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पवन कुमार धीमान एडवोकेट, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार जांगिड़, नरदेव दत्त शर्मा, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जांगिड़, प्रदेश सचिव मेरठ, जिलाध्यक्ष आनन्द प्रकाश टांक सहित मुकेश कुमार मैथिल आदि नेता भी आ रहे हैं, जिनका 11 बजे मंडावर रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर में स्वागत किया जायेगा।

# मार्निंग वॉक पर निकले सपा नेता की वाहन की टक्कर से मौत

**नूरपूर (चिंगारी)।** यहां बिजनौर रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर सपा नेता की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव असदपुर धमरौली निवासी समाजवादी पार्टी के नेता व यादव महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव (70) पुत्र नत्थू सिंह शनिवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। जब वह टहलते हुए नूरपूर रोड स्थित ईदगाह के पास पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था मे उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।


फाइल फोटो

## मन्नत ने राधा रानी के रूप में मन मोह लिया



**चांदपुर (चिंगारी)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र के ग्राम बाबरपुर एवं शान्ति देवी हायर सेकंडरी स्कूल की कक्षा 10की छात्रा मन्नत पुत्री अनुज कुमार ने राधा रानी मनमोहक रूप धारण किया राधा के पारंपरिक स्वरूप में सजी मन्नत ने अपनी सादगी और मनमोहक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

# जाहरवीर गोगाजी की म्हाढ़ी का मेला शुरू

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** रेहड़ क्षेत्रांतर्गत बादीगढ़-कल्लूवाला मार्ग खैराबाद में स्थित म्हाढ़ी नामक स्थान पर भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि से प्रतिवर्ष लगने वाला दो दिवसीय प्रसिद्ध मेला आज शनिवार से शुरू हो गया है, जो कल रविवार की देर शाम तक लगेगा। रविवार को ही मेले का मुख्य पर्व रहेगा। क्षेत्र के इस प्रसिद्ध मेले के प्रथम दिन से ही यहां जाहरवीर गोगाजी की म्हाढ़ी पर प्रसाद चढ़ाने वालों का आवागमन शुरू हो जाता है।



## रेहड़ में थी जहारवीर गोगा जी की ननिहाल

इस म्हाढ़ी मेले के संबंध में क्षेत्र के अनेक जानकारों का कहना हैं कि प्राचीन काल में सिरसापट्टम नाम से पुकारे जाने वाले ग्राम रेहड़ में जाहरपीर गोगा जी की ननिहाल थी। राजस्थान में जन्मे जाहरवीर की बांछल कंवर नामक माता उस समय रेहड़ के राजा रहे कुंवरपाल की बेटी थी। बांछल और कांछल नामक दोनों बहनों का विवाह राजस्थान के चुरु जिले के ददरेवा गांव में राजा जेवर सिंह व उनके भाई राजकुमार नेबर सिंह से हुआ था।

## मनोकामना होती है पूर्ण

**उन्हें मानने वाले अनेक श्रद्धालुओं की मान्यता है कि जाहरवीर गोगा जी की म्हाढ़ी पर सच्चे मन से प्रार्थना करने पर संतानहीन दम्पति की मनोकामना पूरी हो जाती है। यह म्हाढ़ी मेला स्थल अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर में आता है और इस पंचायत के मौजूदा ग्राम प्रधान की देखरेख में ही इस मेले का प्रबंध किया जाता है जिसमें घरेलू सामान की बिक्री के साथ-साथ बच्चों व युवाओं के मनोरंजन के लिए झूले हिंडोले आदि आकर्षण का केंद्र रहते हैं। मेले में जगह भंडारे का आयोजन भी होता है।**

# बुखार से दो भैंसों की मौत तौफीक के घर में शोक

**नीन्दडू (चिंगारी)।** बुखार की चपेट में आकर एक किसान की दो कीमती दुधारू भैंसों की मौत हो गई है जिससे परिवार में कोहराम मच गया है। साथ ही पशुपालकों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय ग्राम के मौहल्ला सादात निवासी तौफीक अहमद पुत्र शफीक अहमद की आठ माह की ग्याभिन भैंस की बुखार से मर गई थी, दूसरी दूध देती भैंस भी 3 सितम्बर को अचानक बीमार हो गई और तेज़ बुखार से ही शुक्रवार को तमाम कोशिशों व इलाज के बावजूद उसकी भी मौत हो गई। दोनों भैंसों की कीमत ढाई लाख बताई जा रही है। उधर इसी तौफीक अहमद को गत सप्ताह किसी ठग द्वारा कथित भांजा बनकर तथा विश्वास में लेकर धोखा कर डेढ़ लाख रुपए का चूना लगा दिया गया था। इस प्रकार तौफीक अहमद को एक सप्ताह के भीतर करीब चार लाख रुपए का नुक़सान हो चुका है। बेचारे तौफीक अहमद के परिवार में शोक छाया हुआ है।

# पुलिस लाइन में श्रद्धा एवं भक्तिभाव से मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी







**बिजनौर ( चिंगारी )।** पुलिस लाइन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस परिवार के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण के स्वरूप में सबका मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम से वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजय कुमार, जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक के.के. विश्नोई ने दीप प्रज्वलित कर किया। सभी अधिकारियों, पुलिसकर्मियों एवं अन्य श्रद्धालुओं ने बाल कृष्ण को झूला झुलाया। रात्रि ठीक 12 बजे आरती की गई।



दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिला जज श्री संजय कुमार।

## सोने-चांदी के आभूषणों से सजाई गईं मूर्तियां

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर में जन्माष्टमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। नगर के मंदिरों को लाइटों और फूल मालाओं से सजाया गया, झांकियां सजाई गयीं। नगर के श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर शिवालय में प्रतिमाओं को जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष रूप से सोने-चांदी के आभूषणों से सजाया गया । मंदिरों में भजन कीर्तन किये गये और रात्रि में कृष्ण जन्म हुआ, जिसके बाद कृष्ण भगवान के बाल रूप को स्नान आदि कराकर सिंहासन पर विराजमान किया गया, जिसके बाद बधाई गीत भी गाए गये। नगर के सभी मंदिरों पर प्रसाद वितरण किया गया। प्राचीन काली मंदिर, संतोषी माता का मंदिर, हनुमान मंदिर, भूड़ मंदिर, विश्नोई मंदिर पर विशेष सजावट कराई गयी। नगर में एक मंदिर से दूसरे मंदिर तक दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का मेला सा लगा हुआ था। भूड़ कालोनी व शिवमूर्ति पर खाटू श्याम जी की प्रतिमा स्थापित की गयी थी, जहां प्रसाद वितरण किया जा रहा था।



### डाक्टर मनोज वर्मा ने की लक्ष्मीनारायण मंदिर में पूजा

नगर के श्री शिवालय लक्ष्मीनारायण मंदिर में डाक्टर मनोज वर्मा ने पूजा-अर्चना की और नगर में शांति की कामना की। डाक्टर मनोज वर्मा ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक महत्व रखता है। इस दिन तारणहार भगवान श्री कृष्ण ने धरती पर बुराई का अंत करने के लिए अवतार लिया था। इस दौरान मंदिर प्रबंधक मुकेश रस्तौगी, ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, भाजपा नेता पीयूष रस्तौगी, पारस वर्मा, उत्कर्ष अग्रवाल, दिव्याक चौहान आदि मौजूद रहे।



## बाबा जय शिव मंदिर में धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुहल्ला अचारजान स्थित बाबा जय शिव मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में मनमोहक झांकियां एवं भजन संध्या से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह एव मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिजनौर श्रीमती इंदिरा सिंह ने किया। बतौर विशिष्ट अतिथि सूर्यमणि रघुवंशी, प्रोफेसर डॉ. शशिप्रभा रघुवंशी, पूर्व चेयरमैन डॉ. नवनीत गर्ग, डॉ. संगीता गर्ग रहे। देव अग्रवाल एडवोकेट द्वारा सूर्यमणि रघुवंशी, डॉ. शशिप्रभा एवं डॉ. नवनीत गर्ग का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया एवं उन्हें प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। साथ ही पीसीएस अधिकारी उत्तराखंड अक्षिता गर्ग पुत्री डॉ. नवनीत गर्ग को तान्या बिश्नोई एडवोकेट ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरुण अग्रवाल भोलू एडवोकेट द्वारा की गई। पंडित राजू गौड़ के निर्देशन में झांकियों व भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंदिर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव अग्रवाल एडवोकेट द्वारा किया गया। इस दौरान अनिल भटनागर, एडवोकेट सुशील जिंदल, अखिल अग्रवाल, संजय विश्नोई, अमित ठाकुर, आशीष अग्रवाल, मनोज चौधरी मणि, अभिषेक राणा, बिजिंदर कुमार, संजय त्यागी, तुषार चौधरी एडवोकेट,अर्पित चौधरी, रुद्राक्ष गुप्ता आदि उपस्थित रहे। वरुण अग्रवाल एडवोकेट एवं देव अग्रवाल एडवोकेट द्वारा सभी अतिथि का भरपूर स्वागत और सम्मान किया। आरती एवं प्रसाद वितरण रात्रि 12 बजे हुआ, जो संपादक पंकज भारद्वाज एवं मनोज चौधरी मणि एवं कपिल चौधरी द्वारा कराया गया। आरती यजमान पंकज भारद्वाज एवं मणि चौधरी ने झांकी के पात्रों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान व्यवस्था प्रमुख दीपक शर्मा, दिलीप रस्तोगी, वैभव अग्रवाल, अनुज गोयल, प्रयाग कुमार की उपस्थिति भी विशेष रही।



## नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में नृत्य कर मन मोहा



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** आर्यंस कॉन्वेंट एकेडमी नजीबाबाद में जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में विद्यालय आए। उन्होंने राधा-कृष्ण के गीतों पर खूब नृत्य किया। सभी बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों ने बहुत ही आकर्षक मटकियां सजाईं। कक्षा चार, पांच व छठी क्लास के बच्चों ने सुंदर झूले बनाकर वाहवाही लूटी। कक्षा सातवीं व आठवीं के बच्चों ने राधा कृष्ण के बहुत ही मनोहारी पोस्टर बनाकर सबको मुग्ध कर दिया। शिवा, दर्शिका, निखिल, वाणी, आर्ची, पीहू, भाव्यांजलि, अवनी, सूर्यांशू, आराध्या, अथर्व, देव, दिव्यांशी, अक्षित, अदिति व उज्वल की बहुत ही शानदार प्रस्तुति रही। इस अवसर पर विद्यालय की एमडी श्रीमती श्रुति आर्य उपस्थित रहीं। उन्होंने व विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रजनी शर्मा तथा रणजीत सिंह ने बच्चों को ढेर सारा आशीर्वाद देते हुए बच्चों के मनोहारी कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की।

# मुनि की रेती-ढालवाला को स्मार्टनेस बनाने की कवायद अब चढ़ने लगी परवान

## पालिकाध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला क्षेत्र को स्मार्टनेस बनाने की कवायद अब परवान चढ़ती नजर आने लगी है। इसके तहत आगामी कुंभ से पूर्व पालिका क्षेत्र में कई मुख्य योजनाओं और विकास कार्यों को संपादित किया जाएगा। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष नीलम बिजल्वाण और अधिशासी अधिकारी बद्री प्रसाद भट्ट ने विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की।

पालिकाध्यक्ष ने निकाय क्षेत्र में संपादित होने वाले विकास कार्यों हेतु सभी विभागों के अधिकारियों से आपसी सामंजस्य व जनसुविधा के दृष्टिगत कार्य करने के लिए कहा। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इसी माह पालिका क्षेत्र में 33केवी की भूमिगत लाइन बिछाने का कार्य शुरू करने के बाद विद्युत पोलों को हटाने का कार्य भी किया जाएगा। सीवर मेनहोलों के सड़क से नीचे होने पर पालिकाध्यक्ष ने नाराजगी जताई, उन्होंने सीवर विभाग के अधिकारियों को शीघ्र समस्त निकाय क्षेत्र में क्षतिग्रस्त मेनहोलों को दुरस्त करने व सड़क से नीचे बने मेनहोलों को सही करने के निर्देश दिए। बैठक में एई सिंचाई विभाग दर्मियान सिंह असवाल, जेई एनएच श्रीनगर संदीप, एसडीओ मुनिकीरेती एमएस नेगी, जेई यूपीसीएल देवेश अवस्थी, पंकज काला, जेई जल संस्थान प्रमोद हटवाल एवं उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी यूयूएसडीए के अधिकारी उपस्थित थे।

### सीवर कनेक्टिविटी से जुड़ेगा हर घर

बैठक में यूयूएसडीए के अधिकारियों ने बताया कि 142 करोड़ रूपए की लागत से नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला क्षेत्र में सीवर का नेटवर्क बिछाया जाएगा। इसके तहत 06 जोनो से प्रत्येक घर को सीवर की कनेक्टिविटी से जोड़ा जाना है।

### स्काई लिफ्ट से पर्यटक पहुंचेंगे रामझूला

बैठक में यूयूएसडीए के अधिकारियों ने पार्किंग से रामझूला पुल पहुंचने के लिए स्काई लिफ्ट की योजना से अवगत कराया। बताया कि इस योजना के तहत कुट्टी माता पार्किंग रिमॉडलिंग होगी। पार्किंग में आवागमन करने, एंट्री, एक्सिट के लिए बेहतर सुविधा होगी, पार्किंग में कई प्रकार की पब्लिक फेसलिटी रहेगी। साथ ही पार्किंग से रामझूला पहुंचने के लिए स्काई लिफ्ट की सुविधा होगी इसके बाद पैदल मार्ग की सहायता से पुल पर पहुंच सकेंगे।

### बनेगा इको पार्क

बैठक में यूयूएसडीए के अधिकारियों ने बताया कि सुमन पार्क ढालवाला को इको पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत पार्क में पार्किंग, खाने, जॉगिंग ट्रैक, योगा पार्क, ओपन जिम जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इस दौरान अधिशासी अधिकारी बद्री प्रसाद भट्ट ने इको पार्क में जुरासिक पार्क की तरह क्रिएटिविटी करने का सुझाव दिया।

### अपग्रेड होगा ढालवाला ब्रिज

कई वर्षों से ढालवाला बाईपास में चंद्रभागा नदी पर बने मोटर पुल को ध्वस्त कर नया मोटर पुल बनाने का कार्य किया जाएगा। यूयूएसडीए के अधिकारियों ने बताया कि कई बार चंद्रभागा नदी में बाढ़ आने के कारण पानी का फ्लो पुल के उपर से होता है, जिस कारण यह मोटर पुल कई जगह पर क्षतिग्रस्त हो गया है और पतला है। बताया कि इस पुल के समीप नया एलिवेटेड पुल बनाया जाएगा, जिसके बाद पुराने पुल को ध्वस्त किया जाएगा।

# 'शिक्षा समागम' के अन्तर्गत साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित

## कालिदास के जीवन पर लघुनाटिका की मंचित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2026 के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में भाषा उत्सव सम्बन्धी साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय भाषाओं, बोलियों और उनमें विद्यमान साहित्यिक परंपराओं के प्रति छात्रों में जागरुकता उत्पन्न करना रहा। इस दौरान छात्रों ने कवि कालिदास के जीवन की घटनाओं पर आधारित नाटक का प्रभावशाली मंचन किया। कार्यक्रम का आरंभ मां शारदा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण से हुआ। तत्पश्चात संस्कृत विभाग के छात्र- छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद संस्कृत विभाग के छात्र-छात्राओं ने कवि कालिदास के जीवन की घटनाओं पर आधारित लघु नाटिका का प्रभावशाली मंचन किया। इसी क्रम में हिंदी विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा थड़िया, चौंफला, झुमैलो , तांदी , चांचड़ी, भोजपुरी, अवधी, जौनसारी भाषाओं के लोकगीतों की प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर डॉ. सुशील बहुगुणा, डॉ. प्रताप बिष्ट, डॉ. आशाराम बिजल्वाण, डॉ. चंद्रप्रभा कंडवाल, डॉ. संदीप कुमार और अरविंद दुदपुड़ी सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## बलूनी एवं एमकेवीएन में राधा-कृष्ण बने बच्चों ने नृत्य कर सभी का मन मोहा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** तल्ला मोटाढ़ाक स्थित बलूनी पब्लिक स्कूल और एमकेवीएन ग्रुप के स्कूलों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व उमंग एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयों में विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बलूनी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की मनमोहक झांकियां एवं नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की निदेशक अभिलाषा भारद्वाज ने विद्यार्थियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जन्माष्टमी केवल भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव नहीं बल्कि उनके जीवन और शिक्षाओं को आत्मसात करने का अवसर भी है। वहीं एमकेवीएन कण्वघाटी शाखा में प्री प्राइमरी से लेकर प्राथमिक वर्ग के नन्हें बच्चे राधा कृष्ण और सुदामा के रूप में आकर्षक वेशभूषा पहनकर आए। बच्चों ने भक्ति-गीतों पर एकल व समूह नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। देवी रोड शाखा में भी राधा और कृष्ण के स्वरूप बने बच्चों ने धार्मिक भजनों पर भक्ति नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। दुर्गापुरी शाखा में नन्हे कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उनके जीवन से जुड़ी घटनाओं पर आधारित मनमोहक नाटक प्रस्तुत किया।

# महर्षि विद्या मंदिर में मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बालवाटिका के नन्हें-नन्हें विद्यार्थी राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे और सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर कक्षा तीन की स्वर्णिका एवं परिधि तथा कक्षा पांच की सृष्टि ने राधा-कृष्ण के गीतों पर सुंदर एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दही-हांडी उत्सव रहा। श्रीकृष्ण के रूप में सजे नन्हे बच्चों ने उत्साहपूर्वक दही-हांडी फोड़ी। हांडी फूटते ही विद्यालय परिसर जय श्री कृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। प्रधानाचार्य संजीव पांडेय ने सभी विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर झांकी प्रस्तुत करते नन्हें छात्र।

# आंदोलनकारियों के बलिदान के कारण ही उत्तराखण्ड राज्य अस्तित्व में आया : महापौर

## मसूरी गोलीकाण्ड के शहीदों का किया पावन स्मरण

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** पृथक उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन के दौरान मसूरी गोलीकांड में शहीद हुए आंदोलनकारियों की स्मृति में नगर निगम ऋषिकेश परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर शम्भू पासवान ने शहीद आंदोलनकारियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। महापौर ने कहा कि मसूरी में पृथक उत्तराखंड राज्य की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे निहत्थे आंदोलनकारियों पर हुआ गोलीकांड राज्य आंदोलन के इतिहास का एक अत्यंत दुखद अध्याय है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य के निर्माण के पीछे हमारे वीर आंदोलनकारियों और मातृशक्ति का संघर्ष, त्याग और सर्वोच्च बलिदान रहा है। उनके अदम्य साहस और बलिदान के कारण ही आज उत्तराखंड एक पृथक राज्य के रूप में अस्तित्व में है महापौर ने कहा कि राज्य की जनता इन अमर शहीदों के बलिदान को कभी भुला नहीं सकती। शहीदों के सपनों के अनुरूप एक समृद्ध, विकसित, आत्मनिर्भर और जनकल्याणकारी उत्तराखंड का निर्माण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती उषा रावत ने की तथा संचालन हुकम पोखरियाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजय शास्त्री, बलबीर सिंह नेगी, गम्भीर मेवाड़, श्रीमती कुसुमलता शर्मा, रमेश रतूड़ी, आशुतोष डंगवाल, एच.एन. चंद, श्रीमती लक्ष्मी बुड़ाकोटी, श्रीमती शीला ध्यानी, श्रीमती जयंती नेगी, श्रीमती शकुंतला नेगी, श्रीमती मंजू गैरोला, सावन रमोला, विशम्भर दत्त डोभाल, श्रीमती सुनीता सकलानी, श्रीमती रीना शर्मा, श्रीमती सरोजनी थपलियाल आदि उपस्थित रहे।



रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# जलालाबाद में पुल के नीचे जलभराव व सड़क टूटने पर मांगा स्पष्टीकरण

नजीबाबाद (चिंगारी)। राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा जलालाबाद से समीपुर क्षेत्र तक हाल मे बनाए गए मार्ग को मानक के अनुरूप ना बनाए जाने के संबंध में की गई शिकायत पर संबंधित विभाग के निदेशक ने परियोजना निदेशक से स्पष्टीकरण मांगा है। इस संबंध में बताया गया था कि पूर्व मे विभाग द्वारा जलालाबाद से लेकर बिहारी के तिराहे से रायपुर तिराहे, समीपुर मार्ग तक का कार्य करोड़ों रुपए की लागत से कराया है। मगर कार्य मानक के अनुरूप नहीं हुआ है। जिस कारण पैट्रोल पंप के निकट जलालाबाद मे फ्लाई ओवर पुल के नीचे जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके अलावा विभाग ने जलालाबाद क्षेत्र मे टूटे हुए नाले को भी नहीं बनाया। जिससे जगह-जगह मार्ग में गड्ढे हो गये हैं। वही बिहारी के तिराहे से रायपुर मार्ग तक दोनों साइड में इंटरलॉकिंग ईंटे भी नहीं लगाई गई थी, न ही नाले का निर्माण किया गया। जिस कारण यहां पर भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस कारण राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित विभाग के निदेशक ललित कुमार से स्पष्टीकरण माँगा है। जिस पर निदेशक ने उक्त पत्र को एनएचआई के बिजनौर स्थित कार्यलय मे तैनात परियोजना निदेशक शंकेश शर्मा को स्थानांतरित कर दिया है। हालांकि प्रकरण मेरठ स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यालय से संबंधित है। अब देखते हैं परियोजना निदेशक कब तक इसे मेरठ भेजते हैं।



# शिवलोकपुरम कालोनी में गुलदार ने कुत्ते को निवाला बनाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत जालबपुर गूदड़ की शिवलोकपुरम कालोनी में गुलदार ने एक कुत्ते को अपना निवाला बना लिया। जिससे कालोनीवासियों में दहशत का माहौल है। यह पूरी घटना कालोनी में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है तथा सोशल मिडिया पर तेज से वायरल हो रही है। कालोनीवासियों ने वनविभाग से कालोनी के लोगों की सुरक्षा कराने व कालोनी में पिंजरा लगाने की मांग की है।


**आवश्यकता है**

हल्दौर स्थित फैक्ट्री/ कार्यालय के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / कंप्यूटर एक्सपर्ट की आवश्यकता है।
कार्य- MS EXcel, डाटा एंट्री व कंप्यूटर चलाने का अच्छा ज्ञान रखता हो।
हल्दौर के स्थानीय व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन/विशेष इंसेंटिव की सुविधा उपलब्ध रहेगी।
-इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मो-8077377404

**MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL**
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
PGT (ENGLISH)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED.)
LIBRARIAN
KINDERGARTEN
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Transport Facilities available for Bijnor Staff
Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 9412201377

धमाका धमाका धमाका
पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में
कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट (दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद)
कोई भी Knee Cap (घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी)
कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें
हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रिशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**
**गोयल मेडिकल स्टोर**
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
**नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।**

**REQUIRED**
Ex.Service Man
at Daheri Toll Plaza
(Neeraj Kumar )
Interested Candidate
Contact at Toll plaza
Mo.6377201014

खुल गया! खुल गया!
**श्री लाइट**
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज**
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
**CLASSIC TAILORS**
9927060150
CLASSIC SHOES
**CLASSIC Shoes**
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ.FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर